वैशाख, शुक्ल पक्ष 3, वर्ष-10, अंक 101, पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुपये

प्रयागराज, गुरुवार 04 जुलाई, 2024

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित एवं सम्पूर्ण भारत वर्ष मे प्रसारित

Adhunik Samachar

नगर संस्करण

10 वर्ष विश्वास के


# आई.टी.आई में सीधे प्रवेश

# NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE

(Govt. Affiliated, Star Graded, Record Holder, ISO Certified Training Centre)

कौशलं बलम्

NAINI INDUSTRIAL TRAINING CENTRE NAINI ALLAHABAD

## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन




नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के प्रवेश कार्यालय का हुआ उद्घाटन भारत सरकार द्वार मान्यता प्राप्त नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद प्रवेश कार्यालय का सिविल डिफेंस प्रयागराज के मंडल अधिकारी रौनक गुप्ता के द्वार किया गया प्रशिक्षण केंद्र के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने बताया कि प्रयागराज में न्यूनतम शुल्क मुझे प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है। यहां इंडस्ट्रियल विजिट सेमिनार, ग्रुप डिस्कशन, आदि कराया जाता है जिसे प्रशिक्षणार्थियो का सर्वांगिन विकास होता है. केंद्र गुणवत्ता परिषद द्वारा स्टार ग्रेडिंग प्राप्त है. केंद्र के कंप्यूटर शिक्षक रोहित शुक्ल ने बताया कि सरकार द्वार छात्रवृत्ति एवं टैबलेट की सुविधा उपलब्ध है प्रशिक्षणार्थियो को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के दौरन सरकार द्वार मांडे भी दिया जाता है. मुख्य अतिथि ने नवीन प्रवेशार्थियो का स्वागत एवं उज्जवल भविष्य की कामना की अंतरराष्ट्रीय स्तर का है प्रयागराज नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण के द्र-रौनक गुप्ता.इस अवसर पर निरीक्षक विजय पांडे, रोहित शुक्ला, सचिन श्रीवास्तव, मोहम्मद कौसर, प्रदीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहें।



## नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र.के छात्र रेलवे में चयनित



नैनी। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का सिकंदराबाद में रेलवे में चयनित होने पर संस्थान परिवार ने बधाई दी है। प्रयागराज करछना तहसील के नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद के चार छात्रों का रेलवे के धारा रेल प्रोजेक्ट सिकंदराबाद में चयन होने से विद्यालय प्रबंधतंत्र द्वारा छात्र का सम्मान एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रवेश प्रभारी मोहम्मद कौसर ने इन छात्रों का समारोहपूर्वक अभिनंदन एवं सम्मान करते हुये कहा कि यह विद्यालय के लिये गौरव की बात है।संस्थान के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया। इस अवसर पर केक काटकर केंद का स्थापना दिवस भी मनाया गया।

## Admission Open 2024-25



**श्री सत्यदेव दुबे (प्रधानाचार्य)**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भदोही



**श्री सुजीत श्रीवास्तव (प्रधानाचार्य )**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नैनी, प्रयागराज



**इं. अर्चना सरोज ( ट्रेनिंग एवं पलेसमेन्ट, अधिकारी**
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, खागा, फतेहपुर

- ★ C.O.P.A.
- ★ Fitter
- ★ Computer Teacher Training
- ★ Electrician
- ★ Fire Safety & Industrial Security
- ★ Repair of Refrigerator & A.C.
- ★ Welding Technology
- ★ Certificate in YOGA
- ★ Security Service
- ★ Computer Hardware& Maintenance


## Naini ITC Honored by U.P. State Industrial Association

*JEEVAN EXPRESS NEWS*

PRAYAGRAJ: A seminar was organized by Uttar Pradesh State Industrial Association on Friday. In which Naini Industrial Training Center was honored with a citation by the association's president Arvind Rai for providing high quality skilled workers. Mohammad Kausar received the honor from the Centre. On this occasion, all the entrepreneurs of Prayagraj including Arinnd Rai Sheetal Plastics, Anat Chandra Ventura Private Limited, BLKHN Engineering Works, S Shukla, Overseas Food Agro Private Limited, union officials and all the industrialists were present.



**Visit us at www.nainiiti.com Call: 9415608710, 7459860480**



## प्रदेश आस/पास



# अतीक की जमीनों पर पुनः कब्जे की होगी जांच-विजय विश्वास पंत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।** इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल का मंगलवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत से मिला । उन्हें प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि करेली गौसनगर 12 मार्किट के पास जमीन जिसे 2023 में छुड़ाया गया था उस पर आसामाजिक तत्वों ने कब्जा कर अपना नाम लिख दिया। उत्पीड़न कर रही है। इस संबंध में भी उन्होंने कार्यवाही का निर्देश दिया।प्रतिनिधि मंडल ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। माँग करने




आसामाजिक तत्वों द्वारा छुड़ाई गई जमीन कब्जा करने की बात से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने तुरंत एक्शन लेते हुए जांच बैठा दी। साथ ही आश्वस्त किया कि माफिया की कोई भी जमीन छुड़ाई गई है उस पर पुनः कब्जा करने वाला बचेगा नहीं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के संयोजक संस्थापक वीरेंद्र पाठक की अगुवाई में अध्यक्ष दिनेश तिवारी के साथ प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत से उनके कार्यालय में भेंट कर एक ज्ञापन सौंपा। उन्हें सारी बात से अवगत कराया कि किस तरह अराजक तत्व भ्रष्ट पुलिस वाले और मीडिया की आड़ में असामाजिक तत्व गठ जोड़ कर माफिया से छुड़ाई गई जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। बाद में एक चैनल पर खबर चलने के बाद नाम को मिटा दिया गया, किंतु कब्जा अभी भी उनका बरकरार है। कुछ लोग भ्रष्ट पुलिस वालों के साथ मिलकर चैनल के पत्रकार के खिलाफ झूठी शिकायतें कर रहे हैं। मंडलायुक्त के साथ उपायुक्त पुष्पराज सिंह ने भी सारी बातें सुनी और इस पर कार्यवाही का निर्देश दिया। दोनों अधिकारी इस बात से हतप्रभ थे कि किस तरह उत्तर प्रदेश सरकार की मनसा के विपरीत आसामाजिक तत्व कार्य कर रहे हैं । उच्च अधिकारियों से भी इस संबंध में वार्ता की गई। मंडलायुक्त को अवगत कराया गया कि मीडिया की आड़ में तथाकथित आसामाजिक तत्व बिना नाम की मीडिया कर्मियों के खिलाफ शिकायत कर रहे हैं जिस पर पुलिस उनका उत्पीड़न कर रही है। इस संबंध में भी उन्होंने कार्यवाही का निर्देश दिया।प्रतिनिधि मंडल ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। माँग करने वालो में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के संयोजक वीरेंद्र पाठक,अध्यक्ष दिनेश तिवारी ,संदीप तिवारी ,राजेन्द्र गुप्ता,प्रवीण मिश्रा,कुलदीप शुक्ला,राजेश मिश्रा,शम्स ताज,शैलेश कुमार यादव, सैय्यद मोहम्मद आमिर, आरव भारद्वाज, सलाउद्दीन उमर खान आरिज़,पंकज शुक्ला, धीरज कुमार, विकास मिश्रा, शिशिर गुप्ता,गगन सिंह,आयुष श्रीवास्तव शकील खान पवन उपाध्याय, पवन पटेल, पवन पाल, अजीत चौहान, अजीत सिंह, पीयूष पांडेय,नन्हे सिंह,विनीत सेट्ठी नितेश सोनी, रंजीत निषाद इमरान यूसफी आशीष भट्ट, जी एन वैस ,ज़िया सिद्दीकी, मंगला तिवारी,मिथलेश पाठक, शमशाद खान, अरशद नवाज़ कई अन्य इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के सदस्य मौजूद रहे हैं।

# महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किए जाने हेतु अपर पुलिस महानिदेशक एवं मण्डलायुक्त के द्वारा दीप प्रज्जवलन कर गोष्ठी/कार्यशाला का किया गया शुभारम्भ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज ।** महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किए जाने हेतु स्टेक होल्डरों से लिए गए सुझाव गोष्ठी में पथ विक्रेताओं को उपहार स्वरूप एक-एक किट व नाविकों को जीवन रक्षक जैकेट किया गया प्रदान अपर पुलिस महानिदेशक के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को दिलायी गयी स्वच्छता की शपथ श्रद्धालुओं को सुरक्षा एवं अच्छी सुविधा प्रदान करना हम सभी की सर्वोच्च प्राथमिकता-अपर पुलिस महानिदेशक जनपद प्रयागराज को महाकुम्भ के आयोजन के पूर्व बनाये प्लास्टिक मुक्त-मण्डलायुक्त महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य रूप से आयोजित किए जाने हेतु मंगलवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन सभागार में प्रयागराज जनपद के स्टेक होल्डर्स के सुझावों को महाकुम्भ कार्ययोजना में सम्मिलित करने के दृष्टिगत अपर पुलिस महानिदेशक श्री भानु भास्कर एवं मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत की संयुक्त अध्यक्षता में एक विशेष कार्यशाला/गोष्ठी का आयोजन किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक श्री भानु भाष्कर, मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत, एमएनआईटी के निदेशक श्री आर0एस0 वर्मा, पुलिस महानिरीक्षक श्री प्रेम कुमार गौतम, पुलिस आयुक्त श्री तरूण गाबा, कुम्भ मेलाधिकारी श्री विजय किरण आनन्द, जिलाधिकारी श्री नवनीत सिंह चहल ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में जगत तारन गर्ल्स इण्टर कालेज की छात्राओं के द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुती दी गयी एवं हिंदू महिला विद्यालय इण्टर कालेज सिविल लाइंस के स्वच्छ सारथी क्लब की छात्राओं के द्वारा स्वच्छता के विषय पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में दिव्य कुम्भ-भव्य कुम्भ से सम्बंधित लघु चल-चित्र का प्रदर्शन किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक श्री भानु भास्कर के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में पथ विक्रेताओं को उपहार स्वरूप








एक-एक किट व नाविकों को जीवन रक्षक जैकेट प्रदान किया गया। सर्वप्रथम सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए नगर आयुक्त श्री चन्द्र मोहन गर्ग के द्वारा प्रयागराज को स्वच्छ शहर के रूप में विकसित करने हेतु बनायी गयी कार्य योजना प्रस्तुतीकरण किया गया। उन्होंने बताया कि सिटी सैनिटेशन प्लान के अन्तर्गत अभी तक एक संस्था के माध्यम से 80 वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है बाकी 20 वार्डों में भी जल्द से जल्द टेण्डर प्रक्रिया को पूरा कर शत-प्रतिशत घरों से कचरा कलेक्शन का कार्य किया जायेगा। शहर को स्वच्छ रखने के लिए 5200 मैनपॉवर लगी हुई है, महाकुम्भ के दृष्टिगत 2000 से 2500 मैन पॉवर अस्थाई रूप से और बढ़ाया जायेगा। शहर में कूड़ा कलेक्शन व ट्रांसपोर्टेशन का काम सुचारू रूप से कराये जाने हेतु 5 हजार डस्टबिन क्रय किए जाने के साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है। सफाई व्यवस्था की मानीटरिंग के लिए सभी कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों में जीपीएस टैट्रकिंग सिस्टम लगाये गये है। बरसात के बाद घाटों पर जमी सिल्ट की सफाई हेतु थर्ड पार्टी एजेंसी के माध्यम से योजना बनाकर कार्य किया जायेगा। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्टेक होल्डर्स से अपील की कि आप लोग जनसामान्य में यह जागरूकता लाने में हमारा सहयोग करें कि वे घरों के कचरों को कूड़ा गाड़ियों में ही दे और सड़क पर गंदगी न फैलायें। उन्होंने कहा कि हम कितनी भी कोशिश करें, परंतु बिना नागरिकों के सहयोग के 24 घण्टे हमारा जनपद स्वच्छ बना रहे, यह सम्भव नहीं है।'दिव्य कुम्भ-भव्य कुम्भ'' के लिए पर्यटकों व तीर्थ यात्रियों के लिए एक अविस्मर्णीय अनुभव हेतु प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा कराये जा रहे प्रमुख कार्यों की जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार चैहान ने अवगत कराया कि शहर को और भव्य रूप देने के लिए योजना बनायी गयी है। उन्होंने महाकुम्भ-2025 के दृष्टिगत जनपद के सुन्दरीकरण हेतु चिन्हित प्रमुख चैराहों, सड़कों, फ्लाईओवर सहित शहर क्षेत्र के अन्य स्थानों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि 36 चैराहों का सुन्दरीकरण का कार्य प्रगति पर है। चैराहों पर ग्रीन बेल्ट, कुम्भ के थीम पर आधारित मोराल्स भी बनायी जायेगी। उन्होंने बताया कि चैराहों व सड़कों के सुन्दरीकरण हेतु विशेषज्ञ आर्किटेक की मदद ली जा रही है। उन्होंने हनुमान मंदिर कॉरिडोर, लेप्रोसी चैराहों पर टैट्रफिक मैनेजमेंट, एयरपोर्ट से संगम तक छ रोटरी विकसित किए जाने, फ्लाइओवर के पिलर्स की पेंटिंग, फ्लाइओवर के नीचे ग्रीनरी, वॉल पेंटिंग, शहर के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर गेट आदि के बारे में बनायी गयी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। प्रभागीय वनाधिकारी श्री अरविंद कुमार यादव के द्वारा महाकुम्भ-2025 को ग्रीन महाकुम्भ-2025 के रूप में विकसित किए जाने व हरित आवरण को बढ़ाये जाने हेतु सामाजिक वानिकी वन प्रभाग प्रयागराज के द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। उन्होंने प्रयागराज शहर को जोड़ने वाले मुख्य मार्गों, छोटी सड़कों व गंगा नदी के किनारे तटीय भूमि पर अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर सुन्दरीकरण किए जाने के साथ जनपद में हरित महाकुम्भ के आयोजन हेतु लगभग 1,50,000 वृक्षारोपण की जानकारी दी। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति पांच पौधे अवश्य लगाये व उसकी देखभाल करें। आयोजित गोष्ठी/कार्यशाला में उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए अपर पुलिस महानिदेशक श्री भानु भाष्कर ने कहा कि हम सभी लोगो की सर्वोच्च प्राथमिकता महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षा एवं अच्छी सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि नाव में बैठने वाले सभी यात्री शत-प्रतिशत लाइफ जैकेट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने जनपद प्रयागराज और मेला क्षेत्र को प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने के लिए सभी जनपदवासियों से सहयोग प्रदान करने के लिए कहा है। साथ ही साथ उन्होंने सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना को और सुदृढ़ बनाये जाने हेतु लोगो से अपने सुझाव देने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ महाकुम्भ के रूप में आयोजित किए जाने हेतु सभी लोगो से प्लास्टिक का प्रयोग न करने की अपील करते हुए कहा कि यदि हम महाकुम्भ के आयोजन के पूर्व प्रयागराज को प्लास्टिक मुक्त बना सके, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। उन्होंने मेले में आयोजित होने वाले भण्डारों में थर्माकोल के स्थान पर मिट्टी के बर्तनों का प्रयोग किए जाने के लिए कहा। कहा कि सभी लोग यह संकल्प ले कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग किसी भी दशा में नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी लोग अपने घर के निकास द्वार पर कपड़े से बने हुए दो झोले टांग कर रखे और घर से निकलते समय अपने साथ झोला अवश्य लेकर निकलें।


दुर्गावती इंटरनेशनल स्कूल एवं कॉलेज
मेजा, प्रयागराज
शीघ्र आवश्यकता
प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक
स्कूल एवं कोचिंग के लिए
कक्षा 6 से 12
विषय - गणित, विज्ञान, अंग्रेजी, कम्प्यूटर एवं समाजिक अध्ययन
स्कूल शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधा भी उपलब्ध है
उम्मीदवार के पास योग्य डिग्री के साथ-साथ धाराप्रवाह अंग्रेजी संचार कौशल होना चाहिए
अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें - 7505561664, 9415017879
DURGAWATI INTERNATIONAL SCHOOL & COLLEGE

URGENT REQUIREMENT
TRAINED & EXPERIENCED TEACHERS
FOR CLASSES VI to XII
SUBJECTS - ENGLISH, MATHS, S.ST, SCIENCE & COMPUTER
RESIDENCE FACILITY ALSO AVAILABLE FOR TEACHERS
Walk in Interview on 23-06-2024
Interested Candidates can send their Resume on the given contacts
Candidate should hold fluent English Communication Skill along with the qualified degrees
For more details Contact on: 7505561664, 9415017879







# विविध भारत





## संक्षिप्त समाचार

### जुलाई में जमकर होने वाली है बरसात, मानसून ने तय समय से 6 दिन पहले ही पूरे देश को किया कवर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग यानी आईएमडी ने मंगलवार को कहा कि आगामी तीन महीनों में अच्छी बारिश की उम्मीद है। आईएमडी ने अपने अलर्ट में कहा



कि जून में 11 फीसदी कम बारिश के बाद भी मानसून 'सामान्य से अधिक' रह सकता है। इसके अलावा विभाग ने कई इलाकों में बाढ़ आने और बादल फटने जैसे हालात की भी चेतावनी जारी की। भारतीय मौसम विभाग यानी आईएमडी ने कहा कि पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने कहा कहा कि मध्य भारत पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, मानसून 2-3 दिनों में राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के बचे हुए हिस्सों में पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने आगे कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून ने सामान्य तिथि से छह दिन पहले पूरे देश को कवर कर लिया है। आईएमडी ने एक बयान में कहा, ठदक्षिण-पश्चिम मानसून आज राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के शेष हिस्सों में आगे बढ़ गया है। इस प्रकार, इसने 8 जुलाई (पूरे भारत को कवर करने की सामान्य तिथि से छह दिन पहले) की तुलना में 2 जुलाई 2024 को पूरे देश को कवर कर लिया।मानसून केरल और पूर्वोत्तर क्षेत्र में सामान्य से दो और छह दिन पहले 30 मई को पहुंचा। यह महाराष्ट्र तक सामान्य रूप से आगे बढ़ा, लेकिन इसकी गति धीमी हो गई, जिससे पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बारिश का इंतजार बढ़ गया और उत्तर-पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का असर और खराब हो गया।देशभर में 11 जून से 27 जून तक 16 दिन सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई, जिसके कारण जून में कुल मिलाकर सामान्य से कम वर्षा हुई। इस महीने के लिए सामान्य 165.3 मिमी के मुकाबले 147.2 मिमी वर्षा हुई, जो 2001 के बाद से सातवीं सबसे कम वर्षा है। देश में चार महीने के मानसून सीजन के दौरान दर्ज की गई कुल 87 सेमी वर्षा का 15 प्रतिशत जून की वर्षा है।

## 'जिंदगी बड़ी होनी चाहिए लंबी नहीं कैंसर से जंग लड़ रही नीति आयोग की निदेशक ने इस अंदाज में मनाया जन्मदिन; बताया जीने का तरीका

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** एक लाइलाज बिमारी से पीड़ित इंसान के बारे में हम सोचेंगे कि वह बिस्तर पर या तो सोया रहे या फिर निराशा और जिंदगी जीने की इच्छा को खो दे। अमूमन लोग ऐसा ही करते हैं जब उन्हें लगता है कि मौत करीब है वह और भी मरने लगते हैं और मौत आने से पहले ही काफी हद तक मर चुके होते हैं। कैंसर एक दर्दनाक बीमारी है, जिसका सामना करना आसान नहीं होता। हम छोटी से छोटी बीमारी का नाम सुनते ही परेशान हो जाया करते हैं। बुखार से लेकर जुखाम जैसी बीमारी हो जाए तो हम बेचैन हो उठते हैं। वहीं जब हम कैंसर जैसी बीमारियों का नाम सुनते है तो खौफ खा बैठते हैं लेकिन नीति आयोग की डायरेक्टर उर्वशी प्रसाद कैंसर के चौथे स्टेज पर हैं जिसे लाइलाज माना जाता है।आइए बताते हैं उर्वशी प्रसाद कैसे जीती हैं अपनी जिंदगी। नीति आयोग की डायरेक्टर उर्वशी प्रसाद इस बीमारी से पीड़ित है लेकिन यह बिमारी उनका हौसला नहीं तोड़ पाया। नीति आयोग की निदेशक उर्वशी प्रसाद ने सोशल मिडिया एक्स पर लाइलाज कैंसर के चौथे स्टेज के साथ जीने की अपनी यात्रा साझा की। उन्होंने अपना जन्मदिन मनाने के लिए यह पोस्ट शेयर की। उन्होंने यह भी बताया कि उनके लिए यह खास दिन कैंसर को मात देने वाले लोगों के बीच इस कठिन दौर से बाहर आने के उत्सव का भी प्रतीक है। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ठस्टेज 4 कैंसर के साथ जीना, जन्मदिन पर यह विशेष महत्व रखता है। रूढ़िवादिता के बावजूद मैं अपेक्षाओं को चुनौती देती हूं और बाधाओं को पार करते हुए अपनी यात्रा को शालीनता और साहस के साथ अपनाती हूं। कल न केवल मेरा जन्मदिन था, बल्कि कैंसर से बचे सभी लोगों के बीच उनको मिले नए जीवन का जश्न मनाने का दिन भी था। बाधाओं को तोड़ने और खुशी, स्वास्थ्य और संतुष्टि को अपनाने के एक और साल। उन्होंने अपनी पोस्ट को तीन तस्वीरों के साथ समाप्त किया।



## बालक बुद्धि को कौन समझाए पीएम ने राहुल पर कसा तंज, लोकसभा में मोदी ने कांग्रेस को कहा परजीवी; बड़ी बात


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा में मंगलवार (2 जुलाई) को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा जारी है। धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुई चर्चा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फटकार लगाते हुए कहा कि ये कोई तरीका नहीं है। भाषण के शुरुआत में पीएम मोदी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वो कुछ लोगों के दर्द को समझ सकते हैं। इस दौरान हंगामे के बीच लोकसभा स्पीकर ओम बिरला विपक्ष



जवाब दे रहे हैं। उससे पहले पीएम मोदी के सदन में पहुंचते ही भाजपा सांसद मोदी-मोदी के नारे लगे। इस पर विपक्षी सांसदों ने भी लोकसभा में हंगामा शुरू कर दिया। इसी हंगामे के बीच पीएम मोदी अपना भाषण दे रहे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज (2 जुलाई) लोकसभा में धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब दे रहे हैं। पीएम मोदी के संसद पहुंचने पर एनडीए के सांसदों ने मोदी-मोदी के नारों से स्वागत किया तो वहीं विपक्षी सांसद भी भाषण के बीच जमकर सदन में हंगामा कर रहे हैं। स्पीकर ओम बिरला ने विपक्षी सांसदों को के नेता राहुल गांधी पर भड़क गए। उन्होंने कहा कि लोगों को भड़काने का काम बंद कीजिए पीएम मोदी ने अपना भाषण जारी रखते हुए कहा कि देश की जनता ने हमारी सरकार को आशीर्वाद इसलिए भी दिया क्योंकि हमारी सरकार की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रही है। हमारा एक मात्र लक्ष्य नेशन फर्स्ट है देश ने एक सफल चुनाव अभियान को पार करते हुए विश्व को दिखा दिया है कि ये दुनिया का सबसे बड़ा चुनाव अभियान था। देश की जनता ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव अभियान में हमें चुना है।

## जो हिंदू धर्म का विनाश करता है, उसका विनाश धर्म कर देता है', राहुल गांधी के बयान पर अब नूपुर शर्मा ने निकाली भड़ास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** लोकसभा में हिंदू मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भाषण पर विवाद छिड़ गया है। राहुल गांधी ने सोमवार को बीजेपी पर देश में हिंसा, नफरत और डर शर्मा ने एक पोस्ट कर कहा, ठहिंसक हिंदू नहीं बल्कि वो हैं जो हिंदुओं के नरसंहार की बात करते हैं। धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः। तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत्



फैलाने का आरोप लगाया, जिसपर केंद्र सरकार के मंत्री और भाजपा के नेताओं ने राहुल गांधी से माफी की मांग की है। इसी बीच, भाजपा नेता नूपुर शर्मा ने भी इस मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि जो धर्म का विनाश करता है, धर्म उसका विनाश कर देता है। लोकसभा में सोमवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा वाले असली हिंदू ही नहीं हैं। राहुल गांधी ने 90 मिनट का जो भाषण दिया उसमें हिंदू को लेकर ऐसा विवाद हुआ जहां प्रधानमंत्री गृहमंत्री समेत कई मंत्रियों ने आपत्ति जताई है। राहुल ने कहा आप हिंदू हैं ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर नुपुर ? अर्थात- जो स्वधर्म (हिंदू) विमुख होकर धर्म का विनाश कर देता है, उस का विनाश धर्म कर देता है। जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि हिंदू कभी हिंसा नहीं कर सकता, कभी नफरत और डर नहीं फैला सकता। ये लोग हिंदू नहीं हैं, क्योंकि 24 घंटे हिंसा की बात करते हैं। नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं हैं। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। ये ठेका भारतीय जनता पार्टी का नहीं है। राहुल ने आगे कहा, आप हिंदू हैं ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है सत्य के साथ खड़ा होना चाहिए, सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए।

## रामदास आठवले का बड़ा बयान, बोले- भीमराव अंबेडकर के विचारों को जन जन तक पहुंचाएगी आरपीआई

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले जी ने कहा कि जन जन मजदूर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वंचित वर्गों के न्याय के लिए अपना संघर्ष एवं समर्पण निरन्तर ज़ारी रखे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री रामदास आठवले




से सरोकार रखने वाली आरपीआई पार्टी को चुनाव आयोग से नागालैंड एवं मणिपुर में राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा मिल चुका है। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष आठवले जी ने कार्यकारिणी की बैठक में पाटी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आरपीआई का हर कार्यकर्ता अल्पसंख्यक किसान मजदूर अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति सहित समाज के सभी वंचित वर्गों के न्याय के लिए अपना संघर्ष एवं समर्पण निरन्तर जारी रखें। उन्होंने कहा कि आरपीआई के कार्यकर्ताओं की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष आठवले जी ने कार्यकारिणी की बैठक में पाटी कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि आरपीआई का हर कार्यकर्ता अल्पसंख्यक, किसान, ने विश्वास जताया कि वंचित समाज के उत्थान के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता व समर्पण से आरपीआई(आठवले) पार्टी दो और राज्यों के विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन कर जल्द ही राष्ट्रीय स्तर की पार्टी का दर्जा हासिल करने में सफल हो जाएगी। आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदास आठवले ने कहा कि रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया संविधान निर्माता बाबासाहेब डा.भीमराव अम्बेडकर के आदर्शों व विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है । उन्होंने कहा कि आरपीआई के कार्यकर्ताओं की संख्या में दिन प्रतिदिन बढ़ोत्तरी हो रही है। कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ सभी प्रदेशों के प्रभारी , प्रदेश अध्यक्ष सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे ।

## 132 सीटर बस, खाना और एयर होस्टेस की सुविधा कहां शुरू होगा पायलट प्रोजेक्ट; नितिन गडकरी ने बताया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश में जल्द ही आपको 132 सीटों वाली बस देखने को मिल सकती है। यात्रियों की सुविधा के उन्होंने ये भी बताया कि पायलट प्रोजेक्ट पर कहां काम चल रहा है। एक निजी टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में गडकरी ने बताया कि गया था, तो वहां तीन बसों को जोड़कर एक ट्रॉली बस बनाई गई थी। हमारे प्रोजेक्ट में बस में 132 सीटें होंगी। ये बस रिंग रोड पर



लिए फ्लाइट की तरह बस में भी एयर होस्टेस रहेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पायलट प्रोजेक्ट का जिक्र किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पायलट पोजेक्ट का जिक्र किया है। उन्होंने बताया कि 132 सीटों वाली बस पर काम चल रहा है। बस में फ्लाइट की तरह एयर होस्टेस की सुविधा होगी। साथ ही इसमें अन्य कई सुविधाएं भी मिलेंगी। डीजल बस की तुलना में सफर की लागत काफी कम होगी। नागपुर में एक पायलट प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। पायलट प्रोजेक्ट में 132 सीटों वाली बस शामिल है। बस की सीटें फ्लाइट जैसी रहेंगी। साथ ही फ्लाइट की तरह इसमें खाना मिलेगा। इसके अलावा बस होस्टेस की सुविधा भी दी जाएगी। यह बस ऊर्जा के गैर-प्रदूषणकारी स्रोतों पर चलेगी। इसकी सवारी अन्य बसों की तुलना में सस्ती होगी। गडकरी ने ये भी बताया कि पायलट प्रोजेक्ट पर टाटा के साथ काम चल रहा है। उन्होंने बताया कि जब मैं चेक गणराज्य 49 किमी का सफर तय करेगी। 40 किमी के बाद बस स्टॉप पर रुकेगी और फिर अगले 40 किमी का सफर तय करने के लिए 40 सेकंड में रिचार्ज हो जाएगी। सफर की लागत 35-40 रुपये प्रति किमी आएगी। गडकरी ने कहा, 'मैंने सुझाव दिया है कि बस में एयर कंडीशनिंग, आरामदायक कुर्सियां और सीटों के सामने लैपटॉप रखने के लिए जगह होनी चाहिए। इसमें बस होस्टेस की सुविधा भी होनी चाहिए जो यात्रियों को फल, पैक्ड फूड और पेय पदार्थ दें।

## नीट परीक्षा मामले पर सुप्रीम कोर्ट में 8 जुलाई को होगी सुनवाई, लग रहीं ताबड़तोड़ याचिकाएं; मामला गरमाया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** विवादों से घिरी मेडिकल में प्रवेश की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा नीट-यूजी



से जुड़ी याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट आठ जुलाई को सुनवाई करेगा। इनमें पांच मई को हुई परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली तथा इसे नए सिरे से कराए जाने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट आठ जुलाई को विवादों से घिरे नीट-यूजी से जुड़ी कई याचिकाओं पर सुनवाई करेगा जिनमें पांच मई को आयोजित परीक्षा में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। नीट-यूजी परीक्षा मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अभी तक 26 याचिकाएं सूचीबद्ध की गई हैं। ये सभी याचिकाएं अलग-अलग तरह की हैं। इनमें शिक्षण संस्थान परीक्षा देने वाले छात्र और संगठन हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर आठ जुलाई के लिए अपलोड वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पार्डीवाला एवं जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ 26 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। उल्लेखनीय है कि देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों आयोजित की जाती है। पांच मई को नीट-यूजी का आयोजन 4,750 केंद्रों पर कराया गया था और इसमें लगभग 24 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। पहले इस परीक्षा के परिणाम 14 जून को आने की उम्मीद थी, लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय से पहले पूरा होने पर परिणाम चार जून को घोषित कर दिए गए थे। प्रश्नपत्र लीक समेत अनियमितताओं के आरोपों को लेकर कई शहरों में प्रदर्शन हुए और राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए। सुप्रीम कोर्ट ने कथित तौर पर प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य गड़बड़ियों के आधार पर नीट-यूजी 2024 को फिर से कराने के अनुरोध वाली याचिका पर 11 जून को सुनवाई करते हुए कहा था कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित हुई है और उसने केंद्र सरकार व एनटीए से इस पर जवाब मांगा था। हालांकि अदालत ने सफल अभ्यर्थियों की काउंसलिंग पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## राज्यसभा में सुधा मूर्ति ने उठाई बड़ी मांग, कहा- महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए सरकार चलाए टीकाकरण अभियान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** राज्यसभा में मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति ने मांग की है कि पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर उच्च सदन में हो रही चर्चा में भाग लेते हुए उन्होंने कहा कि महिलाओं



कोरोना काल में जिस तरह से टीकाकरण अभियान चलाया गया, उसी तर्ज पर महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के लिए टीकाकरण अभियान चलाया जाना चाहिए। आधी आबादी में इस बीमारी के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति के अभिभाषण में सर्वाइकल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे बचाव के लिए किशोरावस्था में इसके टीके लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर उच्च सदन में हो रही चर्चा में भाग लेते हुए सुधा मूर्ति ने कहा कि महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। इससे बचाव के लिए किशोरावस्था में इसके टीके लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। आधी आबादी में इस बीमारी के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सामाजिक व्यवस्था ऐसी है जिसमें महिलाएं अपने स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पातीं। जब वे अस्पताल पहुंचती हैं तो उनमें सर्वाइकल कैंसर तीसरे या चौथे स्टेज पर होता है। उन्हें बचाना मुश्किल हो जाता है। उनके पिता कहते थे कि महिलाएं परिवार का केंद्र होती हैं। महिला के निधन के बाद पति को तो दूसरी पत्नी मिल जाती है, लेकिन बच्चों को दूसरी मां नहीं मिलती। उन्होंने पर्यटन का जिक्र करते हुए कहा कि लोग अजंता, एलोरा, ताजमहल देखने जाते हैं। लेकिन देश में 42 धरोहर स्थल हैं, जिनका न तो अधिक प्रचार-प्रसार किया गया है और न ही इसके बारे में लोगों को जानकारी है।

## एससीओ शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान और यूक्रेन पर हो सकती है चर्चा, विदेश मंत्री जयशंकर करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में गुरुवार को होने जा रहे शंघाई सहयोग संगठन की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर प्रतिनिधित्व करेंगे। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि शिखर सम्मेलन में



(एससीओ) के शिखर सम्मेलन में अफगानिस्तान की स्थिति, यूक्रेन संघर्ष और एससीओ सदस्य देशों के बीच सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा होने की संभावना है। सम्मेलन में विदेश मंत्री एस. जयशंकर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिखर सम्मेलन में भाग नहीं ले रहे हैं। कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का 24वें शिखर सम्मेलन होने जा रहा है। इस शिखर सम्मेलन में भारत अफगानिस्तान की स्थिति रूस-यूक्रेन युद्ध और एससीओ सदस्य देशों के बीच समग्र सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चा होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एससीओ में भारत की प्राथमिकताओं को एक 'सिक्योर' (सुरक्षित) एससीओ को लेकर प्रधानमंत्री की दूरष्टि ने आकार दिया है। 'सिक्योर' का तात्पर्य सिक्योरिटी (सुरक्षा), इकोनमिक कोआपरेशन (आर्थिक सहयोग), कनेक्टिविटी (संपर्क), यूनिटी (एकता), संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के लिए 'रिस्पेक्ट' (सम्मान) और 'एनवायरमेंटल' (पर्यावरणीय) सुरक्षा है। विदेश मंत्रालय ने कहा, ठशिखर सम्मेलन में नेताओं के पिछले दो दशकों में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा करने और बहुपक्षीय सहयोग की स्थिति व संभावनाओं पर चर्चा करने की उम्मीद है। एक बयान में उसने कहा, ठबैठक में क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के सामयिक मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।ठ एससीओ के सदस्यों में भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान, कजाखिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान शामिल हैं। यह एक प्रभावशाली आर्थिक और सुरक्षा संगठन है जो सबसे बड़े अंतर-क्षेत्रीय अंतरराष्ट्रीय संगठनों में से एक के रूप में उभरा है। कजाखिस्तान इस समूह का मौजूदा अध्यक्ष होने के नाते इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। पिछले वर्ष भारत एससीओ का अध्यक्ष था। उसने पिछले वर्ष जुलाई में डिजिटल माध्यम से एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी।


## मेरी आंखों में आंखें डालकर पाकिस्तान की संसद में 'रोमांटिक' हुआ माहौल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** देश की संसद में इन दिनों सियासी घमासान मचा हुआ है। सत्ता पक्ष और विपक्षी सांसदों के बीच कई मुद्दों को लेकर रार छिड़ी हुई है। वहीं, पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की संसद में अलग ही माहौल बना हुआ है। पाकिस्तान की संसद का एक वीडियो वायरल हो रहा है। ये वीडियो पाक की महिला सांसद और स्पीकर के बीच हो रही बातचीत का है।पाकिस्तान की संसद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो पाकिस्तान की महिला सांसद और सदन के स्पीकर का है। सदन के भीतर महिला सांसद और स्पीकर के बीच हुई बातचीत का वीडियो वायरल हो रहा है। इंटरनेट यूजकर कह रहे हैं कि पाकिस्तान की संसद का माहौल रोमांटिक हो गया है। दरअसल, वीडियो में महिला सांसद स्पीकर से उनकी आंखों में आंखें डालकर बात करने की मांग कर रही हैं। सांसद की मांग का स्पीकर जवाब भी देते हैं। स्पीकर का जवाब सुनकर पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठता है। महिला सांसद कहती हैं- 'स्पीकर सर, आपकी तवज्जो चाहती हूं।' स्पीकर ने कहा- जी, प्लीज। फिर वो आगे कहती हैं, 'मेरे लीडर ने मुझे आंखों में आंखें डालकर बात करना सिखाई है।

मिर्ज़ापुर सोनभद्र







## राजनीतिक सामाजिक संगठनों ने सौपा ज्ञापन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मंगलवार को कई राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी महोदय से रॉबर्ट्सगंज के अदालत राजस्व कर्मचारी एवं न्यायपालिका तमाम कर्मचारी गणों का आवागमन है फिर भी मंदिर निर्माण के तरफ किसी का ध्यान आकृष्ट नहीं हुआ। जबकि के लिए वहां मुसाफिरखाना का निर्माण होना चाहिए ताकि सोनभद्र के दूर - दूर और कोने - कोने से गरीब असहाय परेशान जिसको न्यायालय में तारीख मुकदमा की



/ तहसील परिसर में न्याय और संवैधानिक सिद्धांतों से अलग एक खास धर्म को बढ़ावा देने व पूजा अनुष्ठान के लिए कराए जा रहे मंदिर निर्माण के संबंध में प्रेषित मांग पत्र दिए। जिसमे आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष रविकांत ने अपने संबोधन में कहा कि जनपद सोनभद्र के रॉबर्ट्सगंज की न्यायालय / तहसील परिसर में मुख्य गेट नंबर 2 के पास न्याय के मंदिर में माथा टेकने की बजाय संवैधानिक सिद्धांतों को ताक पर रखकर पूजा अनुष्ठान और आरती प्रार्थना तथा एक खास धर्म के लिए बड़ा और भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है,मुख्य गेट से न्यायपालिका रॉबर्ट्सगंज से संबंधित सभी न्यायाधीश और तहसील प्रशासन के उप जिलाधिकारी , तहसीलदार सहित न्यायालय परिसर में किसी धर्म द्वारा किसी भी प्रकार के मंदिर का निर्माण नहीं होना चाहिए। इसको तत्काल रोका जाय। सीपीआईएम जिला सचिव नंदलाल आर्य ने कहा न्यायालय परिसर में किसी खास धर्म द्वारा पूजा पाठ और आरती अनुष्ठान के लिए मंदिर का निर्माण दूसरे धर्म के लोगों के भावना के साथ खिलवाड़ करना है। अगर ऐसा होता है तो यह असंवैधानिक होगा। आज सत्ता सरकार न्यायपालिका को किस दिशा में लेजाना चाहती है। न्याय के मंदिर में न्याय संविधान से मिलेगा। किसी धर्म विशेष के मंदिर से नही। इसको तत्काल रोका जाना चाहिए। सीपीआई जिला सचिव डॉ आर के शर्मा ने कहा तहसील परिसर में मंदिर निर्माण के बजाय फरियादियों व वादकारियों के ठहरने पैरवी और देखने के लिए इधर-उधर कभी रेलवे स्टेशन , बस स्टेशन तथा अपने नात रिश्तेदारों व परिचितों के यहां रुकना पड़ता है। उनके लिए सहूलियत मिलेगी। जिसमे हर धर्म मजहब के लोग ठहर सकेंगे। मंदिर निर्माण असंवैधानिक है। इसके निर्माण को रोका जाना चाहिए। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष रमेश गौतम ने कहा आज भाजपा की डबल इंजन सरकार संवाधनिक संस्थाओं को खत्म करना चाहती है। संविधान की मूल भावना के साथ खिलवाड़ कर रही है। न्याय परिषद में एक धर्म का मंदिर बनाकर सोनभद्र को भी सांप्रदायिक आग में झोंकने का प्रयास कर रही है। इसका हम लोग विरोध करते हैं।आज ज्ञापन देने में समाजसेवी अमृतलाल और अरुण कुमार शामिल रहे।

## नकदी और आभूषण समेत साढ़े तीन लाख की चोरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के बबुरा गांव में सोमवार की देर रात घर में घुसकर चोर दो बक्से उठा ले गए। इसमें 50 हजार नकद और लगभग तीन लाख रुपये के जेवरात थे।क्षेत्र के बबुरा गांव निवासी त्रिभुवन सिंह के मकान में चोर सोमवार की रात रोशनदान के छज्जा के सहारे छत पर चढ़ कर आंगन में आ गए। दो कमरों का ताला तोड़ कर दो बक्से उठा ले गए। परिवारिजनों को रात को आशंका हुई तो उठ कर कमरों को देखा। दो दरवाजों का ताला टूटा था और दो बक्से नहीं थे। गृहस्वामी ने पीआरवी-112 पर डायल कर घटना की सूचना दी।

## हिंदू धर्म के अपमानजनक टिप्पणी पर भाजयुमों ने फूंका पुतला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** मंगलवार को नगर के स्वर्ण जयंती चौक पर भारतीय मोर्चा सोनभद्र द्वारा विरोध प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला जलाया गया विरोध प्रदर्शन में संदीप सिंह



जनता युवा मोर्चा जनपद सोनभद्र के द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विशाल पांडे के नेतृत्व में लोकसभा में हिंदू धर्म पर अपमानजनक टिप्पणी करने के विरोध में हिंदू धर्म को राहुल गांधी ने हिंसक बताया और देश की जनता को गुमराह करने के राहुल गांधी के भाषण पर भारतीय जनता युवा उत्कर्ष पांडे अतुल पांडे आशीष केसरी राहुल श्रीवास्तव रोशन सिंह दिशांत द्विवेदी आलोक सिंह चंदेल आलोक पांडे शिवम सिंह प्रिंस पांडे अखिल पटेल मदन मिश्रा अरविंद सोनी समीर माली अजय पांडे घमडी प्रदीप गिरी चंदनपाण्डेय अर्पित मिश्रा, सेंटी आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अनपरा में आज सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर रहा है राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** अध्यक्ष के वित्तीय पावर को समाप्त करने अध्यक्ष की कुर्सी पर उनके लड़के को बैठने से बैन लगाया जाय अनपरा सोनभद्र अनपरा नगर पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता व अध्यक्ष का वित्तीय अधिकार समाप्त करने सहित अन्य मांगो को लेकर बुधवार को राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन का सांकेतिक धरना प्रदर्शन की तैयारियां जोरो पर है त् राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष गोपाल दास गुप्ता ने बताया कि जिले के सबसे बड़ी नगर पंचायत अनपरा में हो रहे भ्रष्टाचार व बीमार नगर पंचायत अध्यक्ष की निरंकुशता के कारण विकास कार्यों में जम कर मानक की अनदेखी और धन का बंदरबांट किया जा रहा है।जिससे नगर पंचायत मे समस्याओ का अम्बार लग गया है बार बार अवगत कराने के बाद भी नगर पंचायत अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के द्वारा उक्त समस्याओ के संदर्भ मे किसी भी तरह का कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जिसकी वजह से अनपरा परिक्षेत्र के ब्यापरी व आम नागरिक सांकेतिक आंदोलन के लिए बाध्य हैं।

## अभाविप की देशव्यापी मुहिम परिसर चलो अभियान भूपेश चौबे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** रावटसगंज स्वर्ण जयंती चौक पर सोमवार देर शाम आयोजित की गई सभा में वक्ताओं ने सभा को संबोधित करते हुए घटती उपस्थिति से उपजे चिंतन के परिणामस्वरूप ङ्कपरिसर चलो अभियानङ्ग वर्ष भर विद्यार्थी परिषद चलाएगी। परिसर चलो अभियान एक जनांदोलन है, इसको दो-चरणों एक विद्यार्थी के समाजीकरण की प्रक्रिया का हिस्सा है जिससे वह समाज और राष्ट्र के प्रति अपना दायित्व समझता है।अभाविप काशी प्रांत द्वारा चलाए जा रहे ठपरिसर




बताया कि दुद्धी तथा अमेठी में रथों का हुआ शुभारंभ,प्रांत के विभिन्न जिलों से होते हुए बीएचयू तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में 6 जुलाई को संपन्न होगी यात्रा मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे परिसरों को जीवंत बनाने एवं परिसर संस्कृति को पुनर्स्थापित करने हेतु अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा देशव्यापी मुहिम ङ्कपरिसर चलो अभियानङ्ग चलाया जाएगा, इसी के निमित्त अभाविप के काशी प्रांत में ठपरिसर चलो रथठ के माध्यम से जागरूकता अभियान चला विद्यार्थियों को परिसर जाने हेतु प्रेरित किया जाएगा। अभाविप काशी प्रांत द्वारा आयोजित ठपरिसर चलो यात्राठ के अंतर्गत सोनभद्र स्थित दुद्धी तथा अमेठी से रथ चलाया जा रहा है, जिसका आज विधिवत शुभारंभ किया गया है। दुद्धी से चलाया गया रथ सोनभद्र, मीरजापुर, भदोही, वाराणसी जिला, गाजीपुर, चंदौली तथा वाराणसी महानगर से होते हुए 6 जुलाई को काशी हिंदू विश्वविद्यालय पहुंचेगा वहीं अमेठी से यात्रा आरंभ हो कुशभवनपुर, मछलीशहर, जौनपुर, प्रतापगढ़, कौशांबी, प्रयाग जिला तथा प्रयाग महानगर से होते हुए 6 जुलाई को इलाहाबाद विश्वविद्यालय पहुंचेगी। परिसर में विद्यार्थियों की में 10ङ्घ2 के विद्यार्थियों से लेकर विश्वविद्यालय परिसरों में अध्ययनरत छात्रों के मध्य वर्षभर चलाने की योजना है। प्रथम चरण में छात्र संवाद, छात्र संसद, प्रेरक उद्बोधनों, विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों की परिसरों के प्रति रुचि बढ़ाने एवं परिसरों में छात्रसंघ, विद्यालयों में प्रायोगिक कक्षाएं तथा कला, खेल, सेवा और पर्यावरण संबंधी प्रकल्प की शुरुवात से परिसरों में सकारात्मक माहौल बनाने पर जोर दिया जाएगा। द्वितीय चरण में शिक्षा क्षेत्र के सभी हितधारकों से संवाद कर इस दिशा में कार्य कर परिसर जीवंत बनाने, रोज़गार सृजन का केंद्र बनाने एवं परिसर को रुचिकर बनाने हेतु कैंटीन, खेल प्रांगण तथा छात्र कल्याण केन्द्र जैसी व्यवस्थाओं को उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। दुद्धी में रथ का शुभारंभ करते हुए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य पायल राय ने कहा कि,ठ कोरोना काल के बाद शैक्षिक परिसरों में विद्यार्थियों की उपस्थिति दर में गिरावट दर्ज की गई है, जिससे परिसर संस्कृति को विद्यार्थी भूलते जा रहे हैं और यह उनके स वांगीण विकास में बाधक सिद्ध हो रही है। परिसर एवं कक्षा की शिक्षा चलो रथठ के माध्यम से जिलों में जन-जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। अभाविप काशी प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री अभिलाष मिश्र ने सभी कार्यकर्ताओं को इस भव्य यात्रा की सफलता हेतु शुभकामनाएं दी और इस तरह के प्रयासों को आज की आवश्यकता बताया। अभाविप काशी प्रांत के प्रांत सह-मंत्री नमन श्रीवास्तव ने कहा कि,ठ यात्रा के दौरान चौपाल लगाई जाएगी, संगोष्ठी की जाएगी, नुक्कड़ नाटक किया जाएगा, पत्रक वितरण किया जाएगा, परिसर संस्कृति की महत्ता को बताया जाएगा और परिवारों में जाकर भी विद्यार्थियों को परिसर जा कर शिक्षा ग्रहण करने को प्रेरित किया जाएगा। रथ को भव्य स्वरूप से सजाने की योजना तैयार की गई है, सभी जिलों के कार्यकर्ताओं द्वारा बैठक कर इसको भव्य बनाने हेतु प्रयास किए जा रहे हैं। इन रथों के साथ विद्यार्थियों का समूह निरंतर चलता रहेगा और सभी प्रमुख जगहों पर इसका भव्य स्वागत भी किया जाएगा। इस अवसर पर शशांक मिश्रा,कुँवर चौबे,मृगांक दुबे,राहुल जालान,सत्यम शुक्ल,अनमोल सोनी,आशुतोष मोदनवाल,आलोक सोनकर,वैभव पांडेय,अमृतांश दुबे आदि उपस्थित रहे।

## संयुक्त किसान मोर्चा कल डीएम कार्यालय का करेगा घेराव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नोएडा ।**नोएडा अपनी मांगों को लेकर किसान एक बार फिर सड़कों पर उतरने को तैयार है। भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखवीर खलीफा ने सेक्टर-29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि किसानों की व्याप्त समस्याओं को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा 3 जुलाई को जिला मुख्यालय पर डीएम आफिस का घेराव कर किसानों की मांगों पर बनी हाईपावर कमेटी ने अब तक क्या किया उसकी जानकारी प्राप्त करेंगे। सुखवीर खलीफा ने बताया कि चुनाव से पहले एनटीपीसी और नोएडा-ग्रेटर नोएडा किसानों की मांगों को लेकर एक हाइपावर कमेटी बनाई गई थी। जिसके अध्यक्ष राजस्व परिषद के अध्यक्ष थे। हाइपावर कमेटी में डीएम को सदस्य बनाया गया था। किसानों के दिल्ली कूच आंदोलन को रुकवा कर हाइपावर कमेटी बनाई गई थी। आश्वासन दिया था कि तीन महीने में मांगों का समाधान किया जाएगा। इसकी रिपोर्ट आपको दी जाएगी। चार महीने बीत जाने के बाद भी एनटीपीसी के किसानों की मांग पर एक बार बैठक की गई। इससे एनटीपीसी के किसानों में आक्रोश है। वहीं नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के किसानों की मांग पर भी अब तक जवाब नहीं आया। इसलिए 3 जुलाई को डीएम का घेराव किया जाएगा। इसमें हजारों की संख्या में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और दादरी के किसान शामिल होंगे। घेराव के बाद डीएम से अब तक किए गए कार्य के बारे में पूरी रिपोर्ट मांगी जाएगी। इसके बाद आगे की रणनीति तैयार की प्रकाश में आया हैत् नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में सुखप्रीत सिंह तथा विकास यादव ने आरोप लगाया कि कथित ब्रह्म कुमारी के संचालक श्रीकांत ममता रिचा गर्ग भीमसेन कृष्ण गुप्ता ने धीरे करते रहेंगेत वह उनके झांसे में आ गए तथा उन्होंने एक बीघा और जमीन देने का आश्वासन दे दियात् इस बीच आश्रम संचालकों ने 1760 वर्ग गज में निर्माण भी शुरू कर दिया तथा धीरे-धीरे दो नगर सिविल कोर्ट में आश्रम संचालकों के खिलाफ सिविल केस दायर किया त् जिसमें अदालत मे उन्हें स्टे दे दियात् जिसमें आश्रम संचालकों को उस ज़मीन पर निर्माण करने वा जमीन पर



जाएगी।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रशासन ने किसानों के साथ धोखा किया है। अब तक उनकी एक भी मांग को पूरा नहीं किया गया है। जरूरत पड़ने पर दिल्ली जाने की तैयारी भी रहेगी। सेक्टर 116सोरखा गांव में ब्रह्मकुमारी संस्था के नाम पर आश्रम चलने वाले संचालको पर रजिस्ट्री से अधिक जमीन कब्जा करने तथा बकाया रकम मांगने पर फर्जी मुकदमा करके फसाने का मामला उनसे आश्रम बनाने के लिए एक बीघा जमीन का सौदा कियात् उन्होंने ?17000 प्रति वर्ग गज के हिसाब से एक बीघा का सौदा किया तथा उसकी रजिस्ट्री भी कर दी गईत् जिसके बदले आश्रम संचालकों ने उन्हें 85 लख रुपए का भुगतान किया तथा बाकी रकम बाद में देने की बात कहीत् इस बीच आश्रम संचालकों ने उनसे कहा कि वह एक बीघा जमीन और लेना चाहते हैं तथा बाद में उसका भुगतान धीरे- मंजिला भवन खड़ा कर दियात् इस बीच जब वह उनसे बकाया रकम के लिए मांग करते थे तो वें आजकल मे भुगतान करने की बात कहकर टालते रहे त्जब ज्यादा कड़ाई से उन्होंने भुगतान की बात की ही तो आश्रम संचालकों ने उन्हें पुलिस तथा प्रशासन का भय दिखाकर फर्जी मुकदमे फसाने की धमकी दीत् बाद मे बाध्य होकरउन्हें अदालत का सहारा लेना पड़ा तथा उन्होंने गौतम बुद्ध हस्तक्षेप करने से प्रतिबंधित कर दियात् अदालत का स्टे ऑर्डर होने के बावजूद भी संचालक लगातार निर्माण करते रहे तथा उन्होंने दूसरी मंजिल का निर्माण भी पूरा कर लिया त् सुखप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि इस बीच जब उन्होंने इस सब की जानकारी के लिए ब्रह्माकुमारी मुख्यालय माउंट आबू से पता किया तो उन्होंने इन लोगों को फर्जी बताते हुए कहा कि इनका संस्था से अब कोई लेना-देना नहीं है।

## राहुल गांधी के बयानों को लेकर भड़के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ने अटल चैक पर युवाओं ने फूंका पुतला

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सीतापुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के बयान को लेकर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता भड़क लोग अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह 24 घंटे हिंसा, हिंसा, हिंसाय नफरत, नफरत, नफरतय असत्य, असत्य, असत्य करते रहते हैं। ये यहां पर राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राहुल गांधी का पुतला फूंका। युवा मोर्चा के नेताओं ने कहा कि वह राहुल गांधी



गए। युवा मोर्चा के बैनर तले लालबाग अटल चैक पर प्रदर्शन कर राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। इस दौरान युवा मोर्चा के नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यहां बता दें कि लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात रखते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जो हिंदू हैं ही नहीं। आप हिंदू हो ही नहीं। हिंदू धर्म में साफ लिखा है कि सत्य के साथ खड़े होने चाहिए। सत्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। अहिंसा फैलाना चाहिए। राहुल गांधी के इस बयान पर देशभर में हंगामा हो गया। भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष सचिन मिश्रा, जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा के नेतृत्व में पदाधिकारी अटल चैक पर पहुंचे। के इस बयान की निंदा करते हैं। उन्हे संसद में माफी मांगनी चाहिए। वहीं चैराहे पर आकर भी देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। यह करोड़ों लोगों का अपमान है। इस मौके पर रामप्रताप सिंह, अंकुल तिवारी, मुकेश मिश्रा, रामसिंह, विवेक विश्वकर्मा, रिषभ त्रिवेदी, अंशु मिश्रा, राजा श्रीवास्तव, अमन विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

## पूछताछ के लिए पुलिस चौकी पर बुलाया, सुबह रेलवे ट्रैक पर मिला शव

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** चुनार थाना क्षेत्र के धौहां गांव निवासी एक लापता व्यक्ति के बारे में पूछताछ के लिए चकगंभीरा पुलिस चौकी पर गांव के एक व्यक्ति को सोमवार की सुबह बुलाया गया था। जिसका शव मंगलवार की सुबह घर से दो किमी दूर विश्वनाथपुरी रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन पर मिला। सुबह शव मिलने की सूचना पर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। मृतक के परिजनों ने लापता व्यक्ति के परिजनों और पुलिस पर प्रताड़ना का आरोप लगाया। सूचना पाकर एसपी, एएसपी ऑपरेशन ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल किया। तहरीर के आधार पर जीआरपी को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई का निर्देश दिया।धौहां गांव निवासी राजेश पटेल 13 जून से लापता है। राजेश की पत्नी और बहन ने गांव निवासी



कपिल सिंह पटेल पर आरोप लगाते हुए शिकायत पुलिस चौकी चक गंभीरा में की थी। मामले में पूछताछ के लिए चकगंभीरा पुलिस चौकी प्रभारी ने कपिल पटेल को बुलाया। कपिल पटेल का छोटा पुत्र विकास पिता को लेकर पुलिस चौकी पर गया। कपिल का शव मंगलवार की सुबह चार बजे घर से दो किमी दूर विश्वनाथपुरी रेलवे फाटक के पास रेलवे लाइन पर मिला। सिर में चोट लगी थी। ट्रैक मैन ने शव मिलने की सूचना मृतक के बड़े पुत्र राकेश को दी। राकेश ने बताया कि गांव निवासी लापता राजेश पटेल के लापता मामले में उसकी पत्नी और बहन धमकी दे रही थी कि राजेश नहीं मिले तो उसके पिता को फंसा देंगी। जिससे उनके पिता कपिल तनाव में थे। एक जुलाई को राजेश की पत्नी और दो बहन पुलिस चौकी पर पहुंची। पुलिस चौकी के दीवान नरेंद्र यादव ने उनके पिता को बुलाया। छोटा भाई विकास सुबह नौ बजे पिता को लेकर चौकी पर गया। वहां पिता से पूछताछ की जा रही थी। इस बीच सुबह से शाम तक छोटो भाई पुलिस चौकी पर तीन बार गया। पुलिस ने कहा पूछताछ कर छोड़ देंगे। इसे बाद सुबह रेलवे ट्रैकमैन ने रेलवे लाइन पर शव मिलने की सूचना दी। सूचना चकगंभीरा चौकी प्रभारी को दी, पर वो नहीं पहुंचे। इसके बाद अन्य अधिकारियों को सूचना दी गई। आरोप लगाया कि पुलिस चौकी पर उनके पिता को प्रताड़ना दी गई। लापता व्यक्ति के परिजन भी प्रताड़ित कर रहे थे। जीआरपी थाने पर तहरीर देकर प्रताड़ित करने वाले लापता व्यक्ति राजेश की पत्नी और बहन पर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। मामला गंभीर होने पर पोस्टमार्टम हाउस पर चुनार, पड़री व जमालपुर थाने की फोर्स लगाई गई।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में मंगलवार को सुबह



पांच बजे अचानक ट्रांसफॉर्मर जलने पर 100 मीटर दूर बने मकान में बिजली का का करंट प्रवाहित होने लगा। घर से निकलते समय करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई।लालगंज थाना क्षेत्र के नदौली करौदी गांव निवासी 53 वर्षीय देव शंकर उर्फ सुग्गालाल दुबे की पैतृक जमीन हलिया के मझिगवां गांव में है। वह अपनी खेती बाड़ी देखने के लिए आए थे। गांव निवासी कुंज बिहारी पाल के यहां सोमवार की रात रुके थे। सुबह पांच बजे के करीब अचानक ट्रांसफॉर्मर धू-धू कर जलने लगा। इससे करंट मकान में प्रवाहित होने लगा। घर में अचानक बिजली का तार जलने से धुआं उठता देख परिजन बाहर भागने लगे।उसी दौरान देव शंकर उर्फ सुग्गा लाल दूबे भी घर के अंदर से बाहर निकल रहे थे कि बरामदे में लगे टीन सेड के लोहे का पाइप टच कर लिया।

## ट्रक पलटा, चालक और खलासी गंभीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** थाना क्षेत्र के रीवां-मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित ड्रमंडगंज घाटी में बड़े मोड़ के पास मंगलवार को साढ़े 11 बजे अचानक



ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित होकर एक ट्रक पलट गया। इससे ट्रक चालक और खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल न्यू पीएचसी ड्रमंडगंज पहुंचाया। जहां से डॉ. बालकृष्ण मिश्र ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को ट्रॉमा सेंटर मिर्जापुर के लिए रेफर कर दिया।बलिया जिले के शिवपुर दियरा बयासी निवासी 52 वर्षीय चालक वीरेंद्र यादव व हनुमानगंज थाना बैरिया जिला बलिया निवासी 40 वर्षीय खलासी रामविहारी यादव कटनी मध्यप्रदेश से ट्रक पर वाल पुट्टी की बोरियों को लादकर बिहार जा रहे थे। मंगलवार को 11 बजे दिन ड्रमंडगंज घाटी से नीचे उतरते समय बड़े मोड़ के पास अचानक ट्रक का ब्रेक फेल हो गया। इससे अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। ट्रक पलटने की तेज आवाज सुनते ही तत्काल स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए।

# स्पोर्ट्स



## रिटायरमेंट से पहले जेम्स एंडरसन ने बरसाई आग, लहराती गेंदों के सामने कांपे बल्लेबाज



## भारतीय टीम बारबाडोस से स्पेशल चार्टर्ड फ्लाइट से निकली, नई दिल्ली में इस समय पर पहुंचेगी 'रोहित ब्रिगेड'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम स?पेशल चार्टर्ड के जरिये बुधवार को बारबाडोस से निकल चुकी है और



गुरुवार की सुबह 6 बजे फ्लाइट नई दिल्ली पर लैंड करेगी। भारतीय टीम बारबाडोस में चक्रवाती तूफान बेरिल के कारण पिछले तीन दिनों से यही फंसी हुई थी। भारतीय टीम बुधवार को बारबाडोस से उड़ान भर चुकी है। रोहित शर्मा के नेतृत्व वाली भारतीय टीम गुरुवार सुबह नई दिल्ली एयरपोर्ट पहुंचेगी। याद दिला दें कि बारबाडोस में हरिकेन बेरिल चक्रवात के कारण भारतीय खिलाड़ी तीन दिन से फंसे हुए थे। जब बारबाडोस में तूफान थमा तो बीसीसीआई ने स्पेशल चार्टर्ड के जरिये भारतीय खिलाड़ियों को स्वदेश पहुंचाने की तत्काल व्यवस्था की। तूफान के कारण एयरपोर्ट बंद किया गया था, लेकिन बुधवार को इसे चालू किया गया। दैनिक जागरण अखबार के खेल संपादक अभिषेक त्रिपाठी ने जानकारी दी कि ब्रिजटाउन से भारतीय टीम बुधवार को सुबह 9 बजे रवाना हुई है। गुरुवार को सुबह 6 बजे फ्लाइट नई दिल्ली पर लैंड कर जाएगी। बता दें कि ब्रिजटाउन छोड़ने के लिए समय सीमित था, क्योंकि यहां एक और तूफान आने की संभावना जताई गई है। बता दें कि रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने 11 साल का आईसीसी खिताबी सूखा समाप्त किया। टीम इंडिया ने 17 साल के बाद दूसरी बार टी20 वल्ड कप खिताब अपने नाम किया। भारतीय टीम ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। रोहित शर्मा भारत को विश्व कप खिताब दिलाने वाले तीसरे कप्तान बने। भारतीय टीम के टी20 वल्ड कप 2024 चैंपियन बनने के बाद तीन दिग्गज खिलाड़ियों ने टी20 इंटरनेशनल प्रारूप को अलविदा किया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने फटाफट प्रारूप से संन्यास की घोषणा की। भारतीय टीम के हेड कोच राहुल द्रविड़ की भी खिताब के साथ विदाई हुई। भारतीय टीम के स्वागत के लिए देश में जोर-शोर से तैयारी चल रही है। उम्मीद की जा रही है कि भारतीय टीम दिल्ली में पहले प्रधानमंत्री से मुलाकात करेगी और फिर मुंबई रवाना होगी। मुंबई में भारतीय टीम ट्रॉफी के साथ एक ओपन बस परेड करेगी, जहां वो अपने फैंस के साथ खिताब जीतने का जश?न मनाएगी। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग ने भी भारतीय टीम को आमंत्रण भेजा है। भरात ने लंबे समय के बाद वर्?ड कप खिताब जीता है और इसका जोरदार अंदाज में जश?न मनाने की तैयारी जोरों-शोरों पर हैं।

## विश्व कप में फ्लॉप शो के बाद फॉर्म में लौटा ये पाक गेंदबाज, हैट्रिक लेकर मचाई सनसनी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 का खिताब भारतीय टीम ने अपने नाम किया। फाइनल मैच में साउथ अफ्रीका की टीम ने भारत को 7 रन से मात दी। इस विश्व कप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का प्रदर्शन खराब रहा था। पाकिस्तान की



टीम पहले राउंड से ही बाहर हो गई थी। पाकिस्तान के लिए टी20 विश्व कप 2024 में एक विकेट लेने के लिए संघर्ष करने के बाद अब लेग स्पिनर शादाब खान ने अपनी फॉर्म में वापसी की। कोलंबो स्ट्राइकर्स के लिए उन्होंने हैट्रिक ली और इतिहास रच दिया। शादाब खान इतिहास में विकेट की हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए है। इसके बाद उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गय उन्होंने 4 मैचों में 44 रन बनाए और गेंदबाजी करते हुए उन्हें एक सफलता नहीं मिली, लेकिन अब लंका प्रीमियर लीग 2024 के मुकाबले में शादाब ने कोलंबो स्ट्राइकर्स की तरफ से कैंडी फाल्कन्स के खिलाफ 15वें ओवर में हैट्रिक जड़ दी। ये शादाब की थ्ङ्म्थ् में पहली बार हैट्रिक लेने का कारनामा किया। शादाब खान लंका प्रीमियर लीग के इतिहास में हैट्रिक लेने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले वानिंदु हसरंगा ने इस लीग में सबसे पहले विकेट की हैट्रिक ली थी। शादाब खान ने 146 के कैंडी के स्कोर पर चौथी गेंद पर वानिंदु हसरंगा, फिर आगा सलमान और पवन रथनायके को आउट किया।अगर बात करें मैच की तो कोलंबो स्ट्राइकर्स ने 20 ओवर में 198 रन का स्कोर खड़ा किया। विकेटकीपर समाविक्रमा ने 48 रन की पारी, तिसारा परेरा ने 38 रन की पारी, मुहम्मद वसीम ने 32 रन और करुणारत्ने ने 10 गेंदों में 25 रन बनाए। इसके जवाब में कैंडी की टीम 15.5 ओवर में ही 147 रन पर ढेर हो गई। कैंडी की तरफ से सिर्फ दिनेश चांडीमल ने 38 रनों का योगदान दिया, फ्लेचर ने 24, हसारंगा ने 25 रन और एंजेलो मैथ्यूज ने 25 रनों की पारी खेली, लेकिन शादाब की फिरकी से पूरा मैच पलट गया।

## चैंपियंस विश्व कप 24' नाम की स्पेशल फ्लाइट से स्वदेश लौटेगी भारतीय टीम, चक्रवाती तूफान के कारण फंसे थे खिलाड़ी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** टी-20 विश्व कप विजेता भारतीय टीम मंगलवार को चार्टर्ड फ्लाइट से भारत के लिए उड़ान भरेगी और गुरुवार सुबह स्वदेश पहुंच जाएगी। रविवार से बारबाडोस में चक्रवाती तूफान बेरिल के कारण भारतीय टीम, बीसीसीआई के



अधिकारी और भारतीय मीडिया के सदस्य और कई प्रशंसक यहीं फंसे थे। भारतीय टीम का स?वागत करने की तैयारी कर लीजिए। बारबाडोस में तीन दिन से फंसी भारतीय टीम बीसीसीआई अधिकारी व मीडिया सदस?यों को चार्टर्ड फ्लाइट से भारत लाया जाएगा। चक्रवाती तूफान बेरिल के कारण एयरपोर्ट बंद हो गया था जो अब खुल गया है। याद हो कि भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 7 रन से मात देकर टी20 वर्?ड कप का खिताब अपने नाम किया था। तूफान के कारण बंद किया गया एयरपोर्ट चालू हो गया है। सूत्रों के अनुसार, ब्रिजटाउन से भारतीय टीम स्थानीय समयानुसार मंगलवार रात 11.30 बजे (भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह नौ बजे) रवाना होगी और गुरुवार सुबह एक बजकर 15 मिनट (भारतीय समयानुसार) पर दिल्ली पहुंच जाएगी। ब्रिजटाउन छोड़ने का समय सीमित है क्योंकि बुधवार को एक और तूफान आने वाला है। दिल्ली पहुंचने के बाद खिलाड़ियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मानित करेंगे, लेकिन फिलहाल इसके कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। करीब तीन लाख की आबादी वाला यह देश रविवार शाम से लॉकडाउन का सामना कर रहा था। सोमवार रात को यहां जनजीवन सामान्य हुआ। तूफान गुजर जाने के बाद राहत कार्यों पर नजर रख रहीं प्रधानमंत्री मोटली ने बताया, ''मैं इसके बारे में पहले से कुछ नहीं कहना चाहती लेकिन मैं एयरपोर्ट के कर्मचारियों के संपर्क में हूं और वे अब अपनी अंतिम जांच कर रहे हैं।''उन?होंने साथ ही कहा, ''हम यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि स्थानीय लोग सुरक्षित रहें और निश्चित रूप से क्रिकेट विश्व कप के लिए आए सभी मेहमान यहां से सुरक्षित निकाल जाएं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बहुत बुरा हो सकता था लेकिन अब समय आ गया है कि हम इससे उबरने और चीजों को ठीक करने पर ध्यान दें। मोटली ने कहा कि विश्व कप ट्रॉफी जीतने के बाद होटल में रहने वाली भारतीय टीम लॉकडाउन के बावजूद बहुत उत्साहित होगी क्योंकि उसने 11 साल के खिताब के सूखे को खत्म किया। मुझे यकीन है कि तूफान के बावजूद वे बहुत अच्छे मूड और जोश में होंगे।

## गीता बसरा को पाने के लिए हरभजन सिंह ने बेले पापड़, 8 साल तक किया इंतजार, 1 गाने ने बना दिया था दीवाना

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** क्रिकेट और बॉलीवुड का कनेक्शन काफी पुराना है। कई बॉलीवुड अभिनेत्रियों ने भारतीय क्रिकेटरों से शादी की है। ये जोड़ियां



हमेशा चर्चा में रहीं। विराट कोहली और अनुष्का शर्मा का नाम इसमें सबसे ज्यादा लिया जाता है। लेकिन भारतीय टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह भी एक अभिनेत्री पर दिल हार बैठे थे। ये अभिनेत्री हैं गीता बसरा। हरभजन सिंह का आज जन्मदिन है और इस मौके पर हम आपको उनकी लव स्टोरी के बारे में बता रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह का दिल एक बॉलीवुड एक्ट्रेस गीता बसरा पर आ गया था और उन्हें पाने के लिए इस गेंदबाज ने जमकर मेहनत की। शुरुआत में उन्हें सफलता नहीं मिली और इस अभिनेत्री ने उन्हें लगातार इग्नोर किया। लेकिन बाद में उनका मन बदल गया और फिर शुरू हुआ डेटिंग का सिलसिला। तकरीबन 8 साल बाद दोनों की लव स्टोरी परवान चढ़ी। गीता बसरा का एक गाना देख हरभजन सिंह उनके मुरीद हो गए थे और उनसे मिलना चाहते थे। हरभजन सिंह ने खुद एक शो में इस बात का खुलासा किया था। गीता ने शुरू में हरभजन को जमकर इग्नोर किया था लेकिन ये हरभजन सिंह का प्यार ही था जिसके कारण उन्हें झुकना पड़ा। हरभजन सिंह ने बताया था कि उन्होंने गीता की फिल्म द ट्रेन का गाना वो अजनबी देखा था। इस गाने में गीता उन्हें काफी पसंद आईं थी और हरभजन उनसे मिलना चाहते थे। तब हरभजन अपने बचपन के दोस्त युवराज सिंह के साथ इंग्लैंड में थे। हरभजन ने बताया कि युवराज के बॉलीवुड में अच्छे कॉन्टैक्ट थे और इसलिए भज्जी ने उनसे मदद मांगी। फिर हरभजन सिंह के बाद उनका नंबर आया।हरभजन ने गीता को मैसेज किया और कॉफी डेट के लिए पूछा। लेकिन गीता ने हरभजन के मैसेज को इग्नोर किया और कोई जवाब नहीं दिया। इस बीच भारतीय टीम ने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में खेले गए टी20 वर्ल्ड कप-2007 में जीत हासिल की। इस जीत के बाद गीता ने हरभजन को मैसेज किया और बधाई दी। यहां से इन दोनों की थोड़ी बहुत बात शुरू हुई। फिर गीता ने हरभजन सिंह से मदद मांगी। गीता ने हरभजन सिंह ने आईपीएल के टिकट मांगे जो उन्होंने दिलवा दिए लेकिन मैच देखने गीता नहीं बल्कि उनका दोस्त पहुंचा था। हरभजन के मदद करने के बाद गीता ने सोचा कि उन्हें कर्टसी के लिए हरभजन सिंह के साथ कॉफी डेट पर जाना चाहिए। इस तरह तकरीबन 1 साल के अंतराल के बाद हरभजन और गीता की पहली डेट हुई। लेकिन इसके बाद भी गीता हरभजन को डेट करने के मूड में नहीं थी। बाद में कुछ दोस्तों के समझाने और भज्जी से लगातार बातचीत करने के बाद गीता का मन बदल गया और उन्होंने हरभजन सिंह के साथ डेटिंग शुरू की। तकरीन आठ साल डेटिंग करने के बाद दोनों के बीच में प्यार पनपा और अक्टूबर 2015 में इन दोनों ने शादी कर ली।

## हरभजन सिंह का आलीशान घर देख उड़ जाएंगे आपके होश, जानिए क्रिकेट के अलावा 'भज्जी' की कमाई का जरिया

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह (ཧྰིह एग्हुप्) आज 44 साल के हो चुके हैं। हरभजन की गिनती दिग्गज ऑफ स्पिनर के तौर पर की जाती है। दुनिया के सबसे मशहूर बल्लेबाजों को अपनी स्पिन में फंसाने वाले हरभजन सिंह को भला कौन नहीं जानता है। पंजाब के जालंधर में जन्मे हरभजन सिंह आज अपना 45वां जन्मदिन मना रहे है। टैलेंट से भरपूर हरभजन सिंह का भारतीय क्रिकेट टीम की अप्रोच को टेस्ट क्रिकेट में बदलने में काफी अहम योगदान रहा है। आइए जानते हैं हरभजन सिंह की नेटवर्थ के बारे में। भज्जी का जन्म 3 जुलाई को जालंधर में हुआ था। पिता के गुजर जाने के बाद परिवार की जिम्मेदारी भज्जी के कंधे पर आई और उन्होंने परिवार का पेट पालने के लिए पहले एक ट्रक ड्राइवर बनाने की चाहत रखी, लेकिन उनकी बहनों की वजह से उन्होंने क्रिकेटर बनने का ही फैसला लिया। है। 2024 में हरभजन सिंह की नेटवर्थ लगभग 10 मिलियन डॉलर वेतन 6 करोड़ रुपये कमाते हैं। यह बताया गया कि 2021 से उनकी



हरभजन सिंह ने भारत के लिए काफी शानदार प्रदर्शन किया। वह भारत के लिए टेस्ट में पहली हैट्रिक लेने वाले क्रिकेटर बने। वहीं, संन्यास लेने के बाद भी भज्जी का रुतबा कम नहीं हुआ। ऐसे में आज बात करते हैं हरभजन सिंह की नेटवर्थ के बारे में और उन सोर्स के बारे में जहां से वह कमाई करते है, जो भारतीय रुपये के मुताबित 70 करोड़ रुपये हैं। सिर्फ क्रिकेट मैचों में कमेंट्री ही नहीं, बल्कि उनके पास कमाई का काफी अच्छा सॉर्स हैं। वह राजनीती से जुड़े हुए हैं और एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2021 से अब तक उनकी नेटवर्थ में 40 प्रतिशत का मुनाफा हुआ है। हरभजन सिंह की हर साल लगभग कुल संपत्ति में 40ज्ञ् का इजाफा हुआ है, जबकि 2023 में उनकी हर महीने की सैलरी बढ़कर 50 लाख रुपये हो गई है। हरभजन स्टार स्पोट्र्स, स्पोट्र्स तक, स्पोर्ट्सकीड़ा और जी जैसे अलग-अलग प्रसारकों और मीडिया आउटलेट्स के लिए कमेंटरी कार्यकाल से कमाते हैं। इसके अलावा हरभजन सिंह भारतीय संसद के ऊपरी सदन राज्य सभा के सदस्य भी हैं। टीवीएनसीआर की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एक राज्यसभा सांसद को भत्ते सहित 1.90 लाख रुपये का भुगतान किया जाता है। हरभजन सिंह वहीं, ब्रांड एंडोर्समेंट के लिए 20 से 30 लाख रुपये से ज्यादा चार्ज करते है। हरभजन कई एड कंपनी के लिए काम करते हैं, जिनमें ब्रून एंड बेयरस्किन, एबिकेगो, फैन2प्ले, मोवाडो, कैप्टन स्टील, रॉयल स्टैग, पेप्सी, कोलगेट, रम्मी कल्चर, लेज और मुथूट फाइनेंस शामिल हैं। हरभजन सिंह के पास मुंबई के सांता क्रूज, चंडीगढ़, मोहाली, जालंधर, अहमदाबाद और आंध्रप्रदेश के नालगंडा जिले में संपत्तियां है, जिसकी कीमत कुल 59 करोड़ रुपये है। चंडीगढ़ में हरभजन सिंह का घर है, जिसकी कीमत लगभग 7 करोड़ रुपये है। उनकी पत्नी के पास भी 2 करोड़ रुपये का एक मकान है।

## राशि फल



कुछ कार्य जिसकी पिछले कुछ दिनों से प्लानिंग चल रही है, आज शुरू हो सकता है, जिससे आपको आर्थिक स्थिति में लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय में परिवर्तन की योग बन रहे हैं

आज का दिन अच्छा है। परिवार में कोई नया सदस्य आ सकता है। आपके स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव देखने को मिलेगा। व्यापार आदि में सहयोगी पार्टनर के माध्यम से आय के नए स्रोत बनेंगे

किसी कार्य विशेष को लेकर आज यात्रा आदि पर बाहर जा सकते हैं। यात्रा में सावधानी बरतें, नहीं तो आपको नुकसान हो सकता है। साथ ही परिवार में किसी अपने के स्वास्थ्य से आप चिंतित रह सकते हैं।

आज आप व्यर्थ की भागदौड़ से परेशान हो सकते हैं। आपका मन अशांत रहेगा। कार्य की अधिकता के कारण थकावट आदि महसूस होगी।

आज आप मानसिक रूप से उलझे रहेंगे। किसी बात को लेकर परिवार में परेशानी बढ़ सकती है, लेकिन आप अपनी कुशलता से उसे हल करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

नौकरी आदि के लिए यदि प्रयास कर रहे हैं तो, आज आपको सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य आपका ठीक रहेगा, परंतु परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य न होने से आप मानसिक तौर से परेशान रह सकते हैं। आर्थिक स्थिति के कारण आपको किसी से मदद मांगनी पड़ सकती है। व्यापार-व्यवसाय में भी इस समय गिरावट महसूस होगी।

आज आप पतनी के स्वास्थ्य को लेकर कुछ परेशान रहेंगे। परिवार के लोग सहयोग करेंगे। व्यापार-व्यवसाय में अपने साथियों के विरोध के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है।

स्वास्थ्य को लेकर आप परेशान हो सकते हैं। साथ ही नौकरी आदि में अधिकारी वर्ग से मतभेद बढ़ने से आपकी परेशानी बढ़ेगी।

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। किसी अपने के द्वारा आपको कार्यक्षेत्र में बड़ा काम मिल सकता है, जिस कारण मन प्रसनन रहेगा।

आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

## रिटायरमेंट से पहले जेम्स एंडरसन ने बरसाई आग, लहराती गेंदों के सामने कांपे बल्लेबाज, 7 विकेट झटक विपक्षी टीम को किया ढेर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन अपने संन्यास के करीब हैं। घरेलू सीजन के दौरान वह क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। लेकिन एंडरसन ने जिस तरह की गेंदबाजी कर रहे हैं और बल्लेबाजों पर कहर बरपा रहे हैं उसे देख लग नहीं रहा कि ये गेंदबाज अपने करियर के आखिरी दौर में है। एंडरसन ने काउंटी में तूफानी गेंदबाजी की है और जमकर विकेट चटकाए हैं। इंग्लैंड के महान तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन इस समर सीजन में अपने घर में संन्यास ले लेंगे। लेकिन इससे पहले वे काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं। काउंटी क्रिकेट में एंडरसन ने ऐसी गेंदबाजी की है कि विपक्षी टीम धराशायी हो गई। एंडरसन की कहर बरपाती गेंदों के सामने बल्लेबाज विकेट पर पैर नहीं टिका पाए और एक के बाद एक करके आउट होते चले गए। इंग्लैंड काउंटी चैंपियनशिप में लैंकशर के लिए खेल रहे हैं। उन्होंने नॉटिंघमशर के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की है। अपनी धारदार गेंदबाजी से उन्होंने बल्लेबाजों का टिकना मुश्किल कर दिया। नतीजा ये रहा कि नॉटिंघमशर की टीम 126 रनों पर ही ढेर हो गई। एंडरसन ने इस मैच में की पहली पारी में सात विकेट अपने नाम किए हैं। उन्होंने 16 ओवरों में 35 रन देकर सात विकेट लिए हैं। उन्होंने पहले नॉटिंघमशर के कप्तान हसीब हमीद को आउट किया। एंडरसन ने उन्हें बोल्ड कर दिया। इससे बाद उन्होंने विल यंग, जो क्लार्क, जैक हायनेस, ल्यांडन जेम्स, लियाम पैटरसन और ढिल्लन पेनिंगटन को अपना शिकार बनाया। नॉटिंघमशर के लिए सबसे ज्यादा नाबाद 64 रन बेन स्लेटर ने बनाए। उनके अलावा सिर्फ दो और बल्लेबाज ही दहाई के अंक में जा सके। क्लाविन हैरिसन ने 12 और डेन पैटरसन ने 19 रन बनाए।



एंडरसन के अलावा टॉम बेली ने दो विकेट लिए। विल विलियम्स, जॉर्ज बाल्डरसन और नाथन लॉयन के हिस्से एक भी विकेट नहीं आया। एंडरसन इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वह टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने के मामले में तीसरे नंबर पर हैं।लैंकशर ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की और अपनी पहली पारी में नौ विकेट के नुकसान पर 353 रन बनाए। इस टीम के लिए सलामी बल्लेबाज कीटन जेनिंग्स ने शानदार शतकीय पारी खेली। उन्होंने 259 गेंदों पर 27 चौके और चार छक्कों की मदद से नाबाद 187 रन बनाए।

## सम्पादकीय

# खाद्य पदार्थों में मिलावट के लिए कंपनियां है जिम्मेदार, किसानों को दोषी न ठहराएं

खाद्य पदार्थों में मिलावट की घटनाएं देश की साख के लिए अच्छी नहीं हैं, लेकिन इसके जिम्मेदार किसान नहीं, कंपनियां हैं। खाद्य या आहार को किसी व्यक्ति के भरण-पोषण, विकास और वृद्धि के लिए मूलभूत आवश्यकता माना जाता है। हाल ही में राजस्थान के स्वास्थ्य विभाग द्वारा खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत गुणवत्ता परीक्षणों में कई प्रमुख मसाला ब्रांड विफल रहे, जिसमें एमडीएच, एवरेस्ट, गजानंद, श्याम और शीबा ताजा जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के नमूने उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाए गए। इनमें कीटनाशक के अवशेष और अन्य हानिकारक रसायन मिले हैं। यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी मिलावट की घटनाएं पाई गई हैं। ऐसी घटनाएं खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के प्रति गंभीर चिंताओं को उजागर करती हैं, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य और वैश्विक व्यापार में भारत की साख पर नकारात्मक प्रभाव डालती हैं। ऐसी समस्या के लिए अब किसानों को जिम्मेदार ठहराया जाने लगा है, क्योंकि वे अपनी फसल सुरक्षा और उत्पादन बढ़ाने के लिए बड़े पैमाने पर रासायनिक का उपयोग करते हैं। लेकिन किसानों को दोषी ठहराना अनुचित है। यह एक जटिल और बहुआयामी समस्या है, जिसमें किसानों की भूमिका बहुत कम है। कई छोटे और सीमांत किसानों के पास आधुनिक कृषि पद्धतियों और सुरक्षित रसायनों के बारे में जानकारी की कमी होती है। ज्ञान और जागरुकता की कमी उन्हें अनजाने में हानिकारक रसायनों का उपयोग करने के लिए मजबूर करती है। गंभीर आर्थिक दबाव में फंसे किसान अधिकतम उत्पादन के लिए तेजी से परिणाम देने वाले रसायनों का उपयोग करने के लिए मजबूर होते हैं। पर्याप्त निगरानी और प्रवर्तन की कमी के कारण, बाजार में हानिकारक और प्रतिबंधित रसायन आसानी से मिलते हैं। किसानों को अक्सर इन रसायनों की सुरक्षा और कानूनी स्थिति के बारे में नहीं बताया जाता है। निस्संदेह आज कृषि क्षेत्र में सुधार की आवश्यकता है, जिसमें सरकार की नीतियों और संरचनात्मक बदलावों का महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है। किसानों को सुरक्षित कृषि पद्धतियों की ओर प्रोत्साहित करने के लिए नीतिगत समर्थन, वित्तीय सहायता और उचित बाजार पहुंच आवश्यक है। इसके बिना, किसानों को दोषी ठहराना समाधान की दिशा में सही कदम नहीं माना जा सकता। एक मजबूत ट्रेसिबिलिटी सिस्टम की कमी खाद्य आपूर्ति श्रृंखला में मिलावट, संदूषण और अनैतिक प्रथाओं के लिए गुंजाइश बनाती है। सब्जियों और फलों में कीटनाशक अवशेषों की अधिक मात्रा, दूध उत्पादों में हानिकारक रसायनों की मौजूदगी और मसालों में मिलावट की घटनाएं स्थिति की गंभीरता को उजागर करती हैं। हालांकि इन चिंताओं को दूर करने के लिए फूड सेफ्टी ऐंड स्टैंडर्ड रूल्स, 2011 के संशोधन से ट्रेसिबिलिटी को अनिवार्य कर आपूर्ति श्रृंखला में खाद्य की उत्पत्ति और आवाजाही को ट्रैक करने की क्षमता पर जोर दिया गया है। यदि यह प्रणाली प्रभावी ढंग से लागू की जाती है, तो हर हितधारक को जवाबदेह बनाया जाएगा और यह प्रणाली मिलावट की प्रथाओं को रोकेगी और अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारत की साख बढ़ाएगी। हालांकि, संभावित लाभों के बावजूद, 2011 का संशोधन काफी हद तक लागू नहीं हो पाया है, जिसके कारणों में बुनियादी ढांचे की कमी, लॉजिस्टिक चुनौतियां और छोटे व सीमांत किसानों को डिजिटल प्रणाली में एकीकृत करने की आवश्यकता शामिल है। खाद्य सुरक्षा मानकों के बारे में चिंताओं के कारण भारतीय कृषि निर्यात को खारिज कर दिया जाता है। इससे किसानों के लिए कम कीमतें और निर्यात के अवसर खत्म हो सकते हैं। यह विश्वसनीय उत्पादक और निर्यातक के रूप में भारत की छवि को कमजोर करती है। इस समस्या के समाधान के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है। किसानों को समर्थन और संसाधन प्रदान करना महत्वपूर्ण है, ताकि वे सुरक्षित और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाकर खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता को सुनिश्चित कर सकें। सरकार को बुनियादी ढांचे और क्षमता निर्माण में निवेश को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। उपभोक्ताओं को सुरक्षित भोजन की मांग करने के लिए सशक्त बनाया जाना चाहिए।

# आखिर घटनाओं से सबक क्यों नहीं ले पा रहे हम

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2000 से 2013 तक देश में भगदड़ की घटनाओं में 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। विगत् 11 साल में तो यह आंकड़ा कहीं ऊपर जा चुका है। वर्ष 2013 में आई इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 79 प्रतिशत भगदड़ धार्मिक सभाओं और तीर्थ यात्राओं के कारण होती हैं किसी धार्मिक आयोजन में भगदड़ मची हो और 100 से अधिक लोगों की जान चली गई हो, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। ऐसी घटनाएं भविष्य में नहीं होंगी, इसकी भी कोई गारंटी नहीं है, क्योंकि जब भी कोई दुर्घटना होती है, उससे न तो शासन-प्रशासन-पुलिस कोई सबक लेती है और न ही आयोजक। यदि कोई सबक लेता तो हाथरस जैसा हादसा नहीं होता। हाथरस हादसे पर भी सरकार मुआवजा घोषित कर जांच बिठा देगी और अपने कर्तव्यों से इतिश्री कर लेगी। पूर्व की भांति जांच की एक और रिपोर्ट सरकारी फाइलों में रख दी जाएगी। प्रश्न यह नहीं है कि हाथरस में किसका सत्संग था? देशभर में समय-समय पर ऐसे बड़े धार्मिक आयोजन होते रहते हैं, जिनमें हजारों-लाखों की भीड़ जुटना आम बात है। ऐसा नहीं है कि किसी एक धर्म के अनुयायी ही ऐसे आयोजनों में पहुंचते हैं। सभी धर्मों में ऐसे आयोजन हो रहे हैं। दिन-प्रतिनिधि धार्मिक आयोजन और उनमें भीड़ भी बढ़ती जा रही है जब भी कोई बड़ा आयोजन होता है तो स्थानीय पुलिस के कुछ बंदोबस्तों का भी प्रावधान है। आयोजनकर्ता भी नियमानुसार



पुलिस-प्रशासन को जानकारी देते हैं। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग की पुलिस को जानकारी नहीं होगी, यह संभव नहीं है। फिर कैसे इतना बड़ा मिसमैनेजमेंट हो गया? यह गंभीर जांच का विषय है। सत्संग के बाद वहां पहुंचे भक्त भोले बाबा के काफिले के पीछे उनकी चरण रज लेने के लिए दौड़ रहे थे। भीड़ बेकाबू हो रही थी। आयोजकों ने पानी की बौछार कर भक्तों को हाटने का प्रयास किया, जिसका उल्टा असर हुआ। बेकाबू भक्त एक-दूसरे को कुचलते हुए भागने लगे। भगदड़ में 100 से ज्यादा भक्तों की जान चली गई। 150 से अधिक घायल हो गए। विडंबना यह है कि इतना बड़ा आयोजन होने के बावजूद वहां पर किसी तरह के राहत और बचाव के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं थे। हद तो यह हुई, जिन टैंपो में भर-भर के भक्त पहुंचे थे, उन्हीं में डालकर लाशों और घायलों को अस्पताल तक ले जाया गया। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2000 से 2013 तक देश में भगदड़ की घटनाओं में 2000 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। विगत् 11 साल में तो यह आंकड़ा कहीं ऊपर जा चुका है। वर्ष 2013 में आई इंटरनेशनल जर्नल ऑफ डिजास्टर रिस्क रिडक्शन की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 79 प्रतिशत भगदड़ धार्मिक सभाओं और तीर्थ यात्राओं के कारण होती हैं। आमतौर पर प्रति वर्गमीटर में 5 से अधिक लोग नहीं होने चाहिए, लेकिन हमारे यहां धार्मिक आयोजनों में प्रति वर्गमीटर 10 से अधिक लोग जुट जाते हैं। हाथरस में भी ऐसा ही हुआ। इतनी अधिक भीड़ जुटने के बावजूद निकास द्वार केवल एक था और वो भी काफी छोटा था।आजादी के 77 वर्ष बाद भी आपदा प्रबंधन को लेकर देश आज भी बहुत पीछे है। हाथरस हादसे ने एक बार सरकारी व्यवस्थाओं की पोल खोली है। हद तो यह है कि जब घायलों को लेकर लोग अस्पताल में पहुंचे तो वहां भी उचित प्रबंध नहीं था। डॉक्टर नदारद थे। शवों को अस्पतालों में फर्श पर डाल दिया गया। घायल भी वहीं पटक दिए गए। जिस समय हाथरस हादसे की खबर आई, उस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चाओं का जवाब दे रहे थे। उन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कुछ देर बाद मुआवजा राशि का भी ऐलान किया। अब प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी है कि देश में एक और हाथरस न हो, इसके लिए उचित कदम उठाए जाएं। हाथरस से लेकर लखनऊ तक पूरा सरकारी तंत्र राहत और बचाव कार्यों में जुट गया, लेकिन इतना भर करने से काम नहीं चलने वाला। हाथरस जैसे हादसों की पुनरावृत्ति रुकनी चाहिए। धार्मिक आयोजन करने से शासन-प्रशासन किसी को रोक नहीं सकता है, लेकिन नियम बनाकर उनका सख्ती से पालन कराना तो सरकार की जिम्मेदारी है, ताकि ऐसे हादसों से बचा जा सके। आयोजकों को भी ऐसे हादसों को गंभीरता से लेना चाहिए। आने वाले भक्तों का ख्याल रखना उनकी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि हमने पूर्व के ऐसे हादसों से सबक लिया होता तो ईश्वर का नाम लेने आए 100 से अधिक लोग अपनी जान न गंवाते। हमारे लिए हाथरस केवल एक घटना नहीं, एक सबक होना चाहिए।

# बांस तोड़ेगा जलवायु परिवर्तन का कुचक्र, इस आस का यह है आधार

एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में बांस के जंगल प्रति वर्ष लगभग 12 करोड़ टन



कार्बन डाइऑक्साइड सोख सकते हैं। जलवायु परिवर्तन सबसे गंभीर वैश्विक मुद्दों में से एक है, जो दुनिया भर के पारिस्थितिकी तंत्र, अर्थव्यवस्थाओं और समुदायों को प्रभावित कर रहा है। जैसे-जैसे विभिन्न देश कार्बन उत्सर्जन को कम करने और कार्बन पृथक्करण बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, बांस एक आशाजनक समाधान के रूप में उभर रहा है। अपनी तीव्र वृद्धि, उच्च बायोमास उत्पादन और कार्बन पृथक्करण क्षमताओं के कारण बांस जलवायु परिवर्तन से प्रभावी ढंग से निपटने का अवसर दे सकता है। अध्ययनों से पता चला है कि बांस पारंपरिक पेड़ों की तुलना में अधिक कार्बन डाइऑक्साइड सोख सकते हैं। यह कार्बन पौधे के तने, पत्तियों और जड़ों सहित बायोमास में जमा होता है। इसके अतिरिक्त, बांस की व्यापक जड़ प्रणाली मिट्टी को स्थिर करने और कटाव को रोकने में मदद करती है, जिससे कार्बन के प्राकृतिक भंडारण में भी मदद मिलती है। बांस का उच्च बायोमास उत्पादन जलवायु परिवर्तन के शमन का महत्वपूर्ण कारक है। यह बड़ी मात्रा में कार्बनिक पदार्थ का उत्पादन करता है, जिसका उपयोग बायोएनर्जी सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। बांस के बायोमास को बायोचार में परिवर्तित किया जा सकता है, जो चारकोल का एक रूप है, और सैकड़ों वर्षों तक कार्बन को वायुमंडल से अलग कर सकता है। बांस लकड़ी का एक स्थायी विकल्प प्रदान करता है। इसकी कटाई के बाद इसे दोबारा लगाने की जरूरत नहीं होती, क्योंकि अपनी जड़ से यह दोबारा उगता है। बांस पारंपरिक वनों पर दबाव भी कम करता है और इस तरह वन और जल संरक्षण में योगदान देता है। दुनिया भर में बांस के जंगल लगभग 3.15 करोड़ हेक्टेयर में फैले हुए हैं। चीन, भारत और म्यांमार प्रमुख बांस उत्पादक देश हैं। कई वैश्विक पहलें जलवायु परिवर्तन के शमन में बांस की भूमिका पर जोर देती हैं। इथियोपिया और घाना जैसे देश अपने पुनर्वनीकरण और भूमि बहाली प्रयासों के तहत बांस की खेती को बढ़ावा दे रहे हैं। कोलंबिया और इक्वाडोर जैसे देश सतत विकास और जलवायु लचीलेपन के लिए बांस को अपनी राष्ट्रीय रणनीतियों में शामिल कर रहे हैं। चीन ने भी जलवायु परिवर्तन को कम करने के लिए बांस की खेती को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया है। भारत दुनिया के सबसे बड़े बांस उत्पादकों में से एक है, जहां लगभग 1.4 करोड़ हेक्टेयर बांस के जंगल हैं। असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम सहित पूर्वोत्तर राज्यों में देश के बांस संसाधनों का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा है। केंद्र सरकार के बांस मिशन का उद्देश्य बांस की खेती और इसके टिकाऊ उपयोग को बढ़ावा देना है। भारतीय वानिकी अनुसंधान और शिक्षा परिषद के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया है कि भारत में बांस के जंगल प्रति वर्ष लगभग 12 करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड सोख सकते हैं। यह आंकड़ा भारत के जलवायु परिवर्तन शमन प्रयासों में बांस के संभावित योगदान को दर्शाता है। राष्ट्रीय बांस मिशन (एनबीएम) ग्रामीण समुदायों की आजीविका बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने के लिए गैर-वन क्षेत्रों में बांस की खेती को बढ़ावा देता है। विभिन्न राज्य सरकारों ने बांस की खेती और उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम शुरू किए हैं। बांस की खेती और प्रबंधन के बारे में सीमित जागरूकता है। इसके अतिरिक्त, बांस के कार्बन पृथक्करण को मापने के लिए मानकीकृत पद्धतियों की कमी इसके जलवायु लाभों के मूल्यांकन को जटिल बनाती है। बांस के पारिस्थितिक और आर्थिक लाभों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अनुसंधान में निवेश करना, बांस की खेती, उपयोग और व्यापार को बढ़ावा देने वाली नीतियां बनाना, प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों और हितधारकों की क्षमता को बढ़ाना और बांस उत्पादों के लिए बाजार बनाना और विस्तार करना जरूरी है। बांस जलवायु परिवर्तन के शमन के लिए आशाजनक समाधान प्रस्तुत करता है। यह जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में एक मूल्यवान संसाधन है। सरकारों, अनुसंधान संस्थानों और समुदायों के ठोस प्रयासों से बांस सतत विकास को बढ़ावा देते हुए वैश्विक जलवायु लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभा सकता है।

# प्रतिस्पर्धी विचारों की जरूरत, ताकि संसाधनों का हो सके प्रभावी इस्तेमाल

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इस महीने पूर्ण बजट पेश करेंगी। विपक्ष हमेशा शोर मचाता है, लेकिन उसे वैकल्पिक बजट पेश करने से कौन रोकता है, जिसमें प्रतिस्पर्धी विचारों के जरिये वह दिखा सकता है कि बेहतर नतीजों के लिए संसाधनों का प्रभावी इस्तेमाल कैसे किया जाए?बजट का इतिहास खुद में एक दिलचस्प यात्रा है। किवदंती है कि मध्ययुगीन फ्रांस में यायावर गीतकार बोगेट (बजट) में रखे गए अपने धन का प्रबंधन किसी संरक्षक को सौंपते थे, जिसे बजटकर्ता के रूप में जाना जाता था। ब्रिटेन में जब 'बजट' शब्द का उपयोग होने लगा, तो इसने अपना प्रभामंडल और कद हासिल किया। 1400 ईस्वी तक ब्रिटिश संसद महज एक याचिका निकाय थी, जहां सांसद अपनी शिकायतों के समाधान की मांग करते थे और राजशाही खर्च योजना को मंजूरी देती थी। 18वीं सदी तक, चांसलर द्वारा पेश किए जाने वाले बजट का उद्देश्य खर्च को कम करना और एक नए सामाजिक अनुबंध के अनुसार, राजा की कर लगाने की शक्ति पर अंकुश लगाना था। आधुनिक काल में ब्रिटेन में कड़ी प्रतिद्वंद्विता के कारण छाया मंत्रिमंडल और छाया बजट की रूपरेखा तैयार हुई, जिससे संस्थाओं को प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण एवं योजनाएं पेश करने का मौका मिला। वास्तव में मौजूदा चुनाव में भी सट्टेबाजी और अन्य घोटालों के अलावा प्रमुख मुद्दा टोरिज और लेबर पार्टी के बीच वैचारिक प्रतिद्वंद्विता है। वैकल्पिक बजट केवल ब्रिटेन में ही नहीं, बल्कि ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड और दक्षिण अफ्रीका तक में प्रचलित है। इसी महीने बाद में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण 2024-25 के लिए पूर्ण बजट पेश करेंगी। यह कवायद ऐसे समय हो रही है, जब कुछ दिनों पहले लोकसभा चुनाव में दोनों गठबंधनों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को लेकर घोषणापत्रों एवं बयानबाजी के जरिये अपने दृष्टिकोण पेश किए, जिनमें बेरोजगारी, कृषि संकट, महंगाई, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे ज्वलंत मुद्दे शामिल थे। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र (न्याय पत्र) में कई विचार पेश किए। भाजपा के प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण 'मोदी की गारंटी' की झलक स्पष्ट रूप में बजट में दिखेगी। आम तौर पर किसी भी बजट के बाद होने वाली बहस दावों और प्रतिदावों के शोर की प्रतिस्पर्धा होती है। इसके बाद विलाप का एक सुनियोजित कोरस होता है कि किसने किया और क्या नहीं किया। इस बहस में बजट आवंटन पर कोई सूचना नहीं होती। विपक्ष हमेशा दावा करता है कि इसे बेहतर किया जा सकता था। सवाल उठता है कि विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों को छाया मंत्रिमंडल बनाने से कौन रोकता है, जिसमें मंत्री मंत्रालयों की निगरानी करते हैं और एक प्रतिस्पर्धी बजट पेश करते हैं। विपक्षी गठबंधन अपने दावों को दस्तावेज के रूप में क्यों नहीं 'दूध का दूध और पानी का पानी' की तरह साबित कर सकता सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध जानकारी तक विपक्ष की पहुंच है। फरवरी, 2024 में पेश किए गए अंतरिम बजट में बुनियादी मैक्रो डाटा शामिल है। इसके अलावा, पूर्वानुमानों के अद्यतन आंकड़े भी उपलब्ध हैं-इसमें 2023-24 के लिए जीडीपी के अनंतिम अनुमान, बेहतर प्रत्यक्ष कर संग्रह का विवरण,



जीएसटी प्राप्तियों के आंकड़े, भारतीय रिजर्व बैंक से अधिशेष, मौद्रिक नीति समिति के बयानों में विकास और मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान शामिल हैं। वैकल्पिक बजट को सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने के एक या दो दिन पहले या बजट के एक दिन बाद जारी किया जा सकता है। बजट तैयार करना राजनीतिक एवं आर्थिक आवश्यकताओं को एक साथ जोड़ने का विज्ञान और कला, दोनों है। यह देश के लोगों के लिए उपयोगी होगा, ताकि वे 'विकास के एजेंडे को कैसे तैयार किया जाए' इस पर दोनों पक्षों के फोकस और दृष्टिकोण की तुलना कर पाएंगे। चुनाव अभियान ने मुद्रास्फीति, कृषि संकट और बेरोजगारी के मुद्दों पर बढ़ती चिंता और मध्यम वर्ग की कथित उपेक्षा की पीड़ा को उजागर किया। कांग्रेस के पास यह दिखाने का अवसर है कि वह किस तरह से अपने विचारों को सामने रखेगी और अर्थव्यवस्था को गति देगी। मसलन, प्रशिक्षुता कार्यक्रम और प्रति वर्ष एक लाख रुपये का भुगतान, प्रत्येक गरीब परिवार को एक लाख रुपये बिना शर्त नकद हस्तांतरण की महालक्ष्मी योजना। यह कोई रहस्य नहीं है कि नोटबंदी, जीएसटी की शुरुआत और कोरोना महामारी जैसे कई व्यवधानों के कारण राज्यों में कई अनौपचारिक उद्यम और एमएसएमई बंद हो गए। असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के ताजा वार्षिक सर्वे के विश्लेषण से पता चलता है कि 18 लाख उद्यमों के बंद होने से 50 लाख से ज्यादा नौकरियों का नुकसान हुआ। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन उत्तर प्रदेश या महाराष्ट्र में कौशल विकास वृत्ति द्वारा सक्षम एक मॉडल कार्यक्रम या 'आकांक्षी जिलों' में एक बड़ा कार्यक्रम पेश कर सकता है। यह भी सबको मालूम है कि प्राथमिक स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में जरूरत और उपलब्धता के बीच भारी अंतर है। विपक्षी पार्टियां स्वास्थ्य और अन्य पहलों के विस्तार के लिए एक फंडिंग योजना की रूपरेखा बना सकती हैं, साथ ही विकास को समर्थन देने के लिए एक विधायी एजेंडा भी बना सकती हैं। वैकल्पिक बजट विपक्षी गठबंधन को यह दिखाने का मौका दे सकता है कि संसाधनों (जैसे बढ़े हुए राजस्व और आरबीआई के अधिशेष) को बेहतर परिणामों के लिए कैसे इस्तेमाल किया जाता है या किया जाना चाहिए। इसके लिए विपक्षी गठबंधन पूर्व वित्त मंत्रियों, अर्थशास्त्रियों जैसे जानकार लोगों को इकट्ठा करके इस कार्य के लिए आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन कर सकता है। पार्टियां बजट की तरह बुनियादी टेम्पलेट पेश करने के लिए सहयोग कर सकती हैं, जिसमें राजस्व की प्राप्ति और खर्च के साथ उद्देश्य को दर्शाया गया हो। वैकल्पिक दृष्टिकोण केवल राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहे। यह काम कॉरपोरेट द्वारा वित्त पोषित थिंक टैंक एवं उद्योग मंडलों द्वारा भी किया जा सकता है। उद्योग मंडलों की इच्छा सूची में पूंजीगत व्यय में 25 फीसदी की वृद्धि, पीएलआई का विस्तार, निम्न एवं मध्य आय वर्ग के परिवारों को आयकर में राहत का प्रावधान, स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर निवेश में वृद्धि, छोटे उद्यमियों को समर्थन, मौजूदा कॉरपोरेट टैक्स पर यथास्थिति शामिल हैं, हालांकि इसमें वित्तीय समेकन पर जोर दिया गया है। भारत इस समय एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। ऐसे में 'क्या है और क्या हो सकता है' के बीच राजनीति फंसी नहीं रह सकती। जलवायु परिवर्तन, प्रौद्योगिकी व भू-राजनीति जैसे व्यवधान अनिश्चितता को बढ़ा रहे हैं। एक अरब से अधिक लोगों की आकांक्षाएं जीवन और आजीविका के मुद्दों पर हितधारकों से प्रतिस्पर्धी विचारों की हकदार हैं।

# बॉलीवुड/टेली मसाला


अनंत-राधिका की शादी से पहले अंबानी परिवार ने धूमधाम से कराई 50 जोड़ों की शादी



## कल्कि 2898 एडी के आगे अब निकल रहा है 'ब्रह्मराक्षस' का दम, मुंज्या का मंगल हुआ भारी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पिछले कुछ साल कंटेंट से भरपूर फिल्मों के लिए काफी अच्छे रहे हैं। द केरल स्टोरी से लेकर 12वीं फेल जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल का बिजनेस किया है। फिल्म की कहानी खुद ब खुद दर्शकों को थिएटर की तरफ खींचकर ले आई। दिनेश विजन के मैडॉक प्रोडक्शन में बनी फिल्म मुंज्या ने बॉक्स ऑफिस पर काफी समय तक राज किया। हालांकि कल्कि 2898 एडी की रिलीज के बाद अब ये हॉरर कॉमेडी फिल्म धीरे-धीरे अपना दम तोड़ रही है। 25 दिनों में जैसे-तैसे मुंज्या 100 करोड़ के क्लब में शामिल होने में सफल रही लेकिन अब मंगलवार को फिल्म सिर्फ इतने लाख ही कमा पाई। 2024 में भी एक ऐसी ही अनोखी कहानी लोगों को फिल्म 'मुंज्या' में देखने को मिली। छोटे बजट की इस फिल्म ने कुछ समय तक बॉक्स ऑफिस पर अपनी धाक जमाई, लेकिन प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी के रिलीज होते ही बुलेट ट्रेन से 'मुंज्या' ने कछुए की रफ्तार पकड़ ली। मुंज्या की बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत काफी धीमी हुई थी, लेकिन धीरे-धीरे इस फिल्म ने अपनी मजबूत कहानी से दर्शकों को थिएटर में आने पर मजबूर कर दिया। मुंज्या ने चंदू चैंपियन से लेकर मिस्टर एंड मिसेज माही तक बड़ी-बड़ी फिल्मों की नाक में दम कर दिया था। हालांकि, कल्कि के आने के बाद मुंज्या की हालत खस्ता होते दिख रही है। 25वें दिन सोमवार को तकरीबन 55 लाख का बिजनेस करने वाली इस हॉरर कॉमेडी फिल्म का मंगलवार को भी कलेक्शन काफी सुस्त रहा। सैकनलिक.कॉम की रिपोर्ट्स के मुताबिक, दिनेश विजन के प्रोडक्शन में बनी इस फिल्म ने रिलीज के 26वें दिन टोटल 56 लाख का सिंगल डे कलेक्शन किया। इंडियन बॉक्स ऑफिस पर जहां फिल्म 100 करोड़ पहुंच गयी है, तो वहीं वर्ल्डवाइड मूवी ने टोटल 117.65 करोड़ के आसपास की कमाई कर ली है। अभय वर्मा और शरवरी वाघ स्टारर फिल्म 'मुंज्या' की कहानी एक ऐसे ब्रह्मराक्षस की है, जो बचपन से ही एक मुन्नी नाम की लड़की से प्यार करता है। वह उसे पाने के लिए अपनी ही बहन की बलि देने पर उतारूं हो जाता है। वह उसे एक शैतानी वृक्ष के पास ले जाता है। जैसे तैसे बहन भागती है, लेकिन उसके अचानक धक्के से उसके भाई की मौत हो जाती है और वह ब्रह्मराक्षस मुंज्या बन जाता है। वह केवल उन्हीं को दिखाई देता है, जो उनके परिवार से जुड़े होते हैं। मुन्नी को ढूंढते हुए ब्रह्मराक्षस मुंज्या बेला पर दिल हार बैठता है और उससे शादी करने की जिद करता है। कोंकण के गांव की लोककथाओं पर आधारित इस फिल्म की कहानी लोगों को बेहद पसंद आ रही है।



## नया दुश्मन घाटी में बढ़ाएगा पहले से ज्यादा 'तनाव', एसटीजी के साथ एक्शन में लौटे कबीर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अंदर की कहानी लेकर एक बार फिर मानव विज और अरबाज खान एक्शन का तड़का लगाने आ रहे हैं। हिट वेब सीरीज तनाव का पहला सीजन 2022 में रिलीज हुआ था, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था। उसी वक्त से इसके दूसरे सीजन का इंतजार हो रहा था पॉपुलर वेब सीरीज तनाव का दूसरा सीजन ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार है। एक साल से चल रहे शूटिंग के बाद आखिरकार तनाव 2 की पहली झलक सामने आ गई है। टीजर में एक्शन थ्रिलर सीरीज की कहानी की झलक दिखी जिससे साफ है कि दूसरा सीजन पहले से ज्यादा खतरनाक और एक्शन से भरपूर होने वाला है तनाव 2 की शूटिंग 2023 से ही चल रही है। अब आखिरकार सीरीज की पहली झलक सोशल मीडिया पर सामने आई है। इसी के साथ बताया गया है कि इस बार का सीजन पहले से ज्यादा खतरनाक और एक्शन से भरपूर होने वाला है। वीडियो में बताया गया कि सीरिया से फरीद मीर नाम का एक लड़का आया है जो घ्एघ्ए के साथ मिलकर घाटी में कुछ बड़ा करने की साजिश रच रहा है। तभी एक ब्लास्ट को अंजाम दिया जाता है जहां सिर्फ आम लोग नहीं बल्कि सैनिक भी मौजूद होते हैं। टीजर से साफ है कि इस बार सीरीज में पहले से ज्यादा टेंशन और एक्शन भरा माहौल होने वाला है सोनी लिव ने तनाव 2 का टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, थ्रिलर वेब सीरीज 'तनाव' सीजन 2 के साथ वापस आ गई है। कबीर और स्पेशल टास्क ग्रुप तब एक्शन में लौटते हैं जब बदला लेने की चाहत रखने वाला एक युवक फरीद मीर उर्फ अल-दमिश्क एक खतरा बन जाता है। आगे क्या होता है और इसमें शामिल सभी लोगों के लिए क्या दांव पर लगा है 'तनाव' सीजन 2 एक एक्शन से भरपूर वेब सीरीज है जिसमें बहादुरी, धोखे, लालच, प्यार और बदले की कहानियां शामिल हैं।

## कल्कि 2898 एडी के लिए दीपिका पादुकोण नहीं थीं मेकर्स की पहली पसंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** डायरेक्टर नाग अश्विन की फिल्म कल्कि 2898 एडी इस समय सिनेमाघरों में जमकर धमाल मचा रही है। बॉक्स ऑफिस पर भी कमाई के मामले में प्रभास स्टारर हिसाब से वह सेंट्रल प्वाइंट साबित होती हैं। दीपिका ने सुमति के किरदार में जोकि भगवान कल्कि को अपने गर्भ में पाले रहती है, इस रोल में उन्होंने एक्टिंग का सौ प्रतिशत दिया है। ई टाइम्स की




इस फिल्म ने अपनी छाप छोड़ी है। कल्कि की स्टार कास्ट को लेकर पहले भी काफी चर्चा हुई है और इस वक्त एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण का नाम भी सुर्खियों में छाया हुआ है। बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण (आर्ज्र्ळ ईल्व्दहा) का नाम इस वक्त फिल्म कल्कि 2898 एडी (र्ख्त्व् 2898 ँउ) को लेकर चर्चा में बना हुआ है। प्रभास स्टारर कल्कि में दीपिका ने सुमति का किरदार अदा किया है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि निर्देशक नाग अश्विन की इस मूवी के लिए दीपिका मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं। उनसे पहले ये किरदार एक नामी एक्ट्रेस को ऑफर हुआ था। कल्कि 2898 एडी में सुमति का किरदार निभाकर उन्होंने जमकर वाहवाही लूटी है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि इस मूवी के लिए दीपिका मेकर्स की फर्स्ट च्वाइस नहीं थीं। आइए जानते हैं कि उनसे पहले ये रोल किसे ऑफर किया गया था। कल्कि 2898 एडी में दीपिका पादुकोण (आर्ज्र्ळ ईल्व्दहा) का अहम किरदार रहा है। फिल्म की कहानी के खबर के अनुसार बॉलीवुड अदाकारा से पहले कल्कि 2898 एडी फिल्म का ऑफर एक्ट्रेस पूजा हेगड़े को दिया गया था। मेकर्स ने पूजा को जहन में रखते हुए इस मूवी का कहानी को लिखा था, लेकिन लास्ट मोमेंट पर इस फिल्म में दीपिका पादुकोण का एंट्री हुई। खबर है कि तेलुगु भाषा में कल्कि 2898 एडी में दीपिका की आवाज को एक्ट्रेस शोभिता धुलिपाला ने डब किया है। फिल्म कल्कि 2898 एडी में लीड रोल में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, दीपिका पादुकोण और प्रभास जैसे कलाकार मौजूद हैं। लेकिन कैमियो रोल में राम गोपाल वर्मा, दुलकर सलमान, मृणाल ठाकुर, एस एस राजामौली और विजय देवरकोंडा जैसे फिल्मी सितारों की झलक देखने को मिल जाती है। मालूम हो कि पूजा हेगड़े और प्रभास की जोड़ी इससे पहले फिल्म राधे-श्याम में नजर आ चुकी है। हालांकि उनकी ये मूवी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई थी।

## अनंत-राधिका की शादी से पहले अंबानी परिवार ने धूमधाम से कराई 50 जोड़ों की शादी, बांटे ये कीमती तोहफे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट इसी महीने सात फेरे लेंगे। कपल की शादी में कुछ ही दिन बचे हैं। अनंत की शादी अंबानी परिवार में आखिरी शादी होगी। ऐसे में इनकी वेडिंग से जुड़े एक-एक फंक्शन को ग्रैंड तरीके से सेलिब्रेट किया गया। कुछ दिन पहले मुकेश अंबानी ने लाडले बेटे अनंत की दूसरा प्री वेडिंग सेरेमनी होस्ट की थी। वहीं, अब बेटे की शादी से पहले अंबानी परिवार ने 50 जोड़ों की धूमधाम से शादी करवाई है। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री वेडिंग के वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर छाए रहे। हर किसी ने रईस अनंत अंबानी के धूमधाम से हुए फंक्शन को देखा। अब कुछ ही दिनों में अनंत राधिका से शादी करेंगे। इसे लेकर तैयारियां तेज हैं। इस बीच अंबानी फैमिली ने ऐसी नेकी का काम किया है जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। अनंत और राधिका का प्री वेडिंग सेलिब्रेशन सुर्खियों में छाया रहा। कपल की शादी को मात्र 10 दिन बचे हैं। इनकी वेडिंग की ग्रैंड तैयारियों के बीच नीता अंबानी और परिवार के बाकी सदस्यों ने अपने बिजी शेड्यूल से समय निकालकर महाराष्ट्र के पालघर में 50 जोड़ों की शादी करवाई।



## क्या अरबाज खान और शूरा के घर में आने वाली है गुड न्यूज इस वीडियो को देख लोगों ने लगाए कयास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** मलाइका अरोड़ा से अलग होने के कई सालों के बाद अरबाज खान ने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान के साथ अपनी नई जिंदगी की शुरुआत की। दोनों ने बीते साल दिसंबर में निकाह किया था। अरबाज खान और शूरा के वेडिंग फंक्शन की कई तस्वीरें भी वायरल हुई थी। दबंग एक्टर और उनकी दूसरी पत्नी शूरा खान बॉलीवुड के पसंदीदा कपल्स में से एक बन चुके हैं। दोनों को आए दिन स्पॉट किया जाता है। फैंस भी इस जोड़ी पर प्यार लुटाने से पीछे नहीं हटते हैं। हाल ही में अरबाज और शूरा का एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है जिसके देखने के बाद एक्टर की वाइफ की प्रेग्नेंसी की चर्चा शुरू हो गयी है। दबंग एक्टर और उनकी पत्नी सोशल मीडिया पर अक्सर कपल गोल्स देते हैं। फैंस को भी दोनों की जोड़ी काफी पसंद आती है। अब हाल ही में शूरा-अरबाज का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसे देखने के बाद कई यूजर्स और पैपराजी ये अंदाजा लगा रहे हैं कि अरबाज खान की जिंदगी में नन्हा मेहमान आने वाला है। अभिनेता अरबाज खान और शूरा को अक्सर स्पॉट किया जाता है। कभी वह डिनर डेट पर दिखाई देते हैं, तो कभी एयरपोर्ट पर दोनों हाथों में हाथ थामे नजर आते हैं। हालांकि, इस बार दोनों का जो वीडियो सामने आया है, उससे बॉलीवुड के गलियारों में हलचल जरूर मच गयी है। दरअसल, बीती रात अरबाज और शूरा को बांद्रा के एक अस्पताल से बाहर निकलते हुए पैपराजी ने अपने कैमरे में कैप्चर किया। दोनों के इस वीडियो को इंस्टेंट बॉलीवुड ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में जहां शूरा ब्लू रंग के कैजुअल आउटफिट में नजर आईं, तो वहीं दूसरी तरफ अरबाज खान ग्रीन रंग की कॉलर शर्ट और डेनिम जींस में काफी डैशिंग लग रहे थे। दोनों को अस्पताल के बाहर देखने के बाद पैपराजी ने अचानक कपल से पूछ लिया 'क्या खुशखबरी है', जिसे सुनकर शूरा थोड़ा सा घबराईं और उन्होंने ना में जवाब दिया, जबकि अरबाज खान ने पैपराजी की बात पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दीऔर वह गाड़ी में बैठकर घर के लिए रवाना हो गए। पैपराजी का ये सवाल जहां कुछ लोगों को पसंद नहीं आया, तो वहीं कुछ कमेंट बॉक्स में ये भी कहते दिखाई दिए कि अस्पताल सिर्फ प्रेग्नेंसी में नहीं आया जाता है।





## 'तेरी औकात मुझे मालूम विशाल पांडे ने अरमान मलिक् को लेकर कह दी ऐसी बात, माहौल हुआ गर्म

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी 3 का शुरू होने के बाद से ही जंग का मैदान बना हुआ है। रणवीर शौरी से लेकर पौलमी दास तक कंटेस्टेंट्स के बीच आए दिन झगड़े हो रहे हैं। अब अरमान मलिक और विशाल पांडे के बीच बात बिगड़ गई है। बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 का हिस्सा बनने के साथ ही काफी चर्चा में हैं। दो शादियां हो या फिर घरवालों के साथ तीखी बहस अरमान मलिक किसी न किसी वजह से लाइमलाइट में आ जाते हैं। अब उनकी गंदी लड़ाई को-कंटेस्टेंट विशाल पांडे के साथ हुई है। दोनों की लड़ाई का वीडियो सामने आया है। होस्ट की कुर्सी संभाल रहे अनिल कपूर के विवादित शो बिग बॉस ओटीटी 3 में अरमान मलिक अपनी दोनों पत्नियों पायल मलिक और कृतिका मलिक के साथ शो में आये थे। दो शादियों के चलते चर्चा में रहने वाले अरमान अब विशाल पांडे के साथ अपनी तीखी बहस की वजह से लोगों की नजर में आ गये हैं। बिग बॉस का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें अरमान और विशाल की गंदी लड़ाई हो रही है। वीडियो में लड़ाई की शुरुआत अरमान के विशाल को मच्छर कहने से शुरू होती है। उन्होंने विशाल को चिढ़ाते हुए उन्हें मच्छर कहा। इस बात से आगबबूला हुए विशाल ने कहा, ठजाओ चुगली करो।

## बिग बॉस ओटीटी 3 में वाइल्ड कार्ड एंट्री लेगी ये सोशल मीडिया सेंसेशन कातिलाना तस्वीरों को देख उड़ जाएंगे होश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस ओटीटी 3 कृतिका मलिक, विशाल पांडे, चंद्रिका गेरा दीक्षित जैसे कई कंटेस्टेंट्स हैं, जिनके आपसी झगड़े और बैकग्राउंड स्टोरी शो का हाईलाइटिंग प्वाइंट बना हुआ है। बिग बॉस ओटीटी 3 पॉपुलर रियलिटी शो है। इस बार के सीजन में ऐसे कंटेस्टेंट्स की एंट्री देखने को मिली जिनके आने की शायद ही किसी को उम्मीद रही हो। शो से दो कंटेस्टेंट्स एलिमिनेट हो चुके हैं। कंटेस्टेंट्स की संख्या कम होने के बीच एक वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट के एंट्री लेने की चर्चा तेज है। ये कौन है आइये आपको बताते हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 से पायल मलिक (ईब्ति् ईत्ग्व्) और नीरज गोयत एलिमिनेट हो चुके हैं। ऐसे में कंटेस्टेंट्स की संख्या कम हो गई है। इस बीच एक सोशल मीडिया सेंसेशन के वाइल्ड कार्ड एंट्री लेने की चर्चा तेज है। ये वो हसीना है, जिनकी तस्वीरों को देख दिल में हलचल मच सकती है। टेलीचक्कर की रिपोर्ट के अनुसार, 'बिग बॉस ओटीटी 3' में जिस कंटेस्टेंट के एंट्री लेने की चर्चा तेज है, उनका नाम ब्रिष्टि समद्दार है। ब्रिष्टि समद्दार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक से बढ़कर एक ग्लैमरस अदाओं से भरी तस्वीरों को शेयर किया है। कभी बिकनी में, तो कभी साड़ी में, ब्रिष्टी की मदहोश करने वाली अदाएं बॉलीवुड की किसी एक्ट्रेस से कम नहीं हैं। ब्रिष्टि समद्दार सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर होने के साथ ही मॉडल और एक्ट्रेस भी हैं। वह वेस्ट बंगाल की रहने वाली हैं। ब्रिष्टि रीजनल सिनेमा का हिस्सा रह चुकी है। मगर उन्हें पॉपुलैरिटी बोल्ड तस्वीरों से मिली।

## क्या कल्कि 2898 एडी की कमाई ने की अजय देवगन की सिट्टी-पिट्टी गुम चंद दिनों पहले बदल डाली फिल्म की रिलीज डेट

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** प्रभास और दीपिका पादुकोण स्टारर फिल्म 'कल्कि 2898 एडी का इस वक्त दर्शकों में जबरदस्त क्रेज देखने को मिल रहा है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर एक के बाद एक रिकॉर्ड कायम कर रही है। के लिए साल 2024 की शुरुआत काफी अच्छी हुई। उनकी इस साल की पहली रिलीज फिल्म शैतान ने जहां बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की तो वहीं दूसरी तरफ मैदान में भी उनके अभिनय को काफी सराहना मिली। अब वह अपनी तीसरी मूवी औरों में कहां दम था के साथ सिनेमाघरों में आने वाले थे लेकिन फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गयी। अमिताभ बच्चन से लेकर कमल हासन सहित सितारों की एक्टिंग लोगों को काफी भा रही है। इस फिल्म की सफलता ने कहीं न कहीं अन्य निर्माताओं के मन में डर पैदा कर दिया है। कल्कि की सफलता को देखते हुए निर्देशक-निर्माता और अभिनेता अजय देवगन ने रिलीज के लिए तैयार 'औरों में कहां दम था' की डेट को आगे बढ़ा दिया है। अजय देवगन और तब्बू की जोड़ी जब भी पर्दे पर आई है, तो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल ही किया है। दृश्यम हो या फिर भोला उन्होंने एक साथ कई मूवीज की हैं। हालांकि, कल्कि 2898 एडी के क्रेज को देखते हुए अजय देवगन कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। बीते दिन अजय देवगन ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी फिल्म 'औरों में कहां दम था' की रिलीज डेट आगे बढ़ने की जानकारी फैंस के साथ शेयर की थी। इस पोस्ट में लिखा था, ठडियर फ्रेंड्स, एग्जीबीटर और डिस्ट्रिब्यूटर की गुजारिश पर हम सबने मिलकर ये निर्णय लिया है कि हम अपनी फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा रहे हैं। औरों में कहां दम था कि रिलीज डेट की घोषणा जल्द ही होगी। औरों में कहां दम था एक रोमांटिक म्यूजिकल ड्रामा फिल्म है, जिसमें तब्बू और अजय देवगन की 21 साल की अधूरी प्रेम कहानी को पर्दे पर दर्शाया जाएगा। इस फिल्म में इन दोनों के अलावा जिम्मी शेरगिल, शांतनु माहेश्वरी, सई मांजरेकर और पुष्पेंद्र सिंह जैसे सितारे अहम भूमिका में दिखाई देंगे। ये फिल्म पहले 5 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गयी है और अब तक नहीं रिलीज डेट अजय देवगन ने अनाउंस नहीं की है।








# 'जलवायु परिवर्तन को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता'

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को दैनिक जीवन में हरित जीवनशैली को शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब जलवायु परिवर्तन को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। सीजेआई चंद्रचूड़ नई दिल्ली में कड़कड़डूमा, शास्त्री पार्क और रोहिणी में तीन न्यायालय भवनों के निर्माण के लिए आधारशिला रखने के समारोह में बोल रहे थे। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कड़कड़डूमा शास्त्री पार्क और रोहिणी में अदालत परिसरों की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हमने 3 अदालतों की आधारशिला रखी है। यह आधारशिला समारोह दिल्ली के नागरिकों और अन्य लोगों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है जो न्याय की तलाश में यहां आएंगे। मुझे उम्मीद है कि यह परियोजना तय समय पर पूरी हो जाएगी। इस दौरान मुख्य न्यायाधीश ने राष्ट्रीय राजधानी में हाल ही में एक ही दिन में दो हीटवेव और उसके बाद हुई रिकॉर्ड तोड़ बारिश का जिक्र किया। उन्होंने कहा, इस साल दिल्ली में सबसे ज्यादा गर्मी दर्ज की गई। हमारे बुनियादी ढांचे में वह वास्तविकता झलकनी चाहिए जिसमें हम रहते हैं- जलवायु परिवर्तन को अब और नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। एक महत्वपूर्ण कदम हमारे दैनिक जीवन में हरित जीवनशैली को शामिल करना है, जिसमें कार्बन उत्सर्जन को कम करना शामिल है। सीजेआई ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि जीआरआईएचए-रेटेड ये नई अदालती इमारतें हीट आइलैंड शमन और पर्यावरण पदचिह्न को कम करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। ग्रीन रेटेड इंटीग्रेटेड हैबिटेट असेसमेंट (जीआरआईएचए)- एक रेटिंग टूल जो लोगों को कुछ राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य पर्यावरणीय मानदंडों के आधार पर अपने भवन के प्रदर्शन का आकलन करने में मदद करता है।



# भारत ने किया दखल तो इटली प्रशासन ने की कार्रवाई

**रोम।** इटली की पुलिस ने कृषि उपकरण से हाथ कटने के कारण हुई एक 31 वर्षीय भारतीय श्रमिक की मौत के मामले में एक खेत के मालिक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। अभियोजकों ने यह जानकारी दी। भारत और इटली का रिश्ता अभी चर्चाओं में है। दोनों देश के बीच मधुर संबंध हैं इसका परिचय भी आए दिन देखने को मिलता रहता है। वहीं इस बीच भारत के एक मजदूर की मौत इटली में हो गई जिसमें उसका मालिक जिम्मेदार पाया गया था। मजदूर के मौत के बाद मोदी सरकार ने इटली से इसपर कार्रवाई करने की मांग की।एएनएसए समाचार एजेंसी के अनुसार, खेत के मालिक ने खून से लथपथ श्रमिक को ऐसे ही छोड़ दिया था और एम्बुलेंस तक को फोन नहीं किया तथा अत्यधिक खून बहने के कारण श्रमिक की मौत हो गई थी। यह घटना तब घटी थी जब श्रमिक पिछले महीने रोम के निकट लाजियो में स्ट्रॉबेरी को मशीन से तोड़ रहा था। मजदूर की दो दिन बाद रोम के एक अस्पताल में मौत हो गई, जहां उसे एयरलिफ्ट किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस ने मंगलवार को कथित गैंगमास्टर एंटोनेलो लोवाटो को सिंह की हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया।



# उइगरों ने चीन के नरसंहार को समाप्त करने के लिए की कार्रवाई की मांग, व्हाइट हाउस से विदेश विभाग तक निकालेंगे रैली

**वाशिंगटन।** पूर्वी तुर्किस्तान निर्वासित सरकार (ईटीजीई) ने पूर्वी तुर्किस्तान राष्ट्रीय आंदोलन और पूर्वी तुर्किस्तान राष्ट्रीय कोष के सहयोग से शुक्रवार को व्हाइट हाउस से वाशिंगटन डीसी स्थित विदेश विभाग तक मार्च निकालने की घोषणा की है। साल 2009 में हुए उरुमची नरसंहार को लेकर तुर्किस्तान निर्वासित सरकार ने मार्च निकालने की घोषणा की है। इस मार्च में पूर्वी तुर्किस्तान राष्ट्रीय आंदोलन और पूर्वी तुर्किस्तान राष्ट्रीय कोष भी सहयोग करेगा। ये मार्च व्हाइट हाउस 1600 पेन्सिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू वाशिंगटन डीसी से शुरू होगा और स्टेट डिपार्टमेंट 2201 सी सेंट एनडब्ल्यू वाशिंगटन डीसी तक जाएगा। मार्च का उद्देश्य 2009 के उरुमची नरसंहार की याद दिलाना और पूर्वी तुर्किस्तान (वर्तमान में चीन का झिंजियांग प्रांत) में चीन द्वारा चल रहे उपनिवेशीकरण अभियान, उइगर नरसंहार और कब्जे के खिलाफ सार्थक कार्रवाई का आह्वान करना है। यह मार्च व्हाइट हाउस, 1600 पेन्सिल्वेनिया एवेन्यू एनडब्ल्यू, वाशिंगटन, डीसी से शुरू होगा और स्टेट डिपार्टमेंट, 2201 सी सेंट एनडब्ल्यू, वाशिंगटन, डीसी तक जाएगा।



स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित

सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398

website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।